



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 329 | कोरबा, रविवार, दिनांक 31 अगस्त 2025 डाक 01 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा** — केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मुंबई में भगवान गणेश की लालबागचा राजा मूर्ति के पंडाल का दौरा किया



**देश-विदेश** — असम में जारी रहेगा बेदखली अभियान, सीएम सरमा बोले- इस कार्रवाई को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन



**फीचर पेज** — कच्चा प्याज खाने से हो सकते हैं ये नुकसान, जानें सही मात्रा



# विश्वास और सम्मान से ही सुधरेंगे रिश्ते
# चिनफिंग के साथ बैठक में मोदी का साफ संदेश

**नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय चीन की यात्रा पर हैं। चीन में हो रहे 25वें एससीए शिखर सम्मलेन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति चिनफिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि ये बैठक करीब 40 मिनट तक चलेगी। एससीओ की ये बैठक चीन के तियानजिन शहर में हो रही है। इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति समेत कई बड़े दिग्गज शामिल होंगे। चिनफिंग के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने एससीओ की अध्यक्षता के लिए चीनी राष्ट्रपति को



शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि इस बैठक के कारण दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। पीएम ने इसके साथ ही दुनिया को संदेश दिया कि विश्वास और सम्मान से ही किसी के भी रिश्ते सुधर सकते हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल कजान में हमारी बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई थी जिससे हमारे संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना है।उन्होंने आगे कहा कि सीमा प्रबंधन को लेकर हमारे विशेष प्रतिनिधियों के बीच समझौता हो गया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू कर दी गई है। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी बहाल हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे सहयोग से दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हैं। इससे पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं, उन्होंने आगे कहा कि मैं शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की चीन द्वारा सफल अध्यक्षता के लिए आपको बधाई देता हूं।

चीन आने के निमंत्रण और आज हमारी बैठक के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान की यात्रा को पूरा करने के बाद चीन पहुंचे। पीएम मोदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, तियानजिन, चीन पहुंच गया हूं। स्टह्न शिखर सम्मेलन में विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व नेताओं से मिलने का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ये चीन यात्रा कई मायनों में खास है।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई
# 7 करोड़ की लग्जरी गाड़ियां आभूषण और नकदी जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), शिमला ने उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई शक्ति रंजन दाश के आवासीय परिसर और उनकी कंपनियों- मेसर्स अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड (एएमपीएल) और मेसर्स अनमोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड (एआरपीएल) के व्यवसायिक परिसरों पर की गई। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत मेसर्स इंडियन टेक्नोमैक कंपनी लिमिटेड (मेसर्स आईटीसीओएल) से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में की गई। ईडी ने यह जांच हिमाचल प्रदेश पुलिस की सीआईडी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। आरोप था कि आईटीसीओएल और उसके प्रमोटरों ने कुछ अधिकारियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की मिलीभगत से बैंकों से लिए गए ऋण का दुरुपयोग किया।

जांच में सामने आया कि आईटीसीओएल ने 2009 से 2013 के बीच बैंक ऑफ इंडिया की अगुवाई वाले बैंकों के एक कंसोर्टियम से फर्जी प्रोजेक्ट रिपोर्ट और शेल कंपनियों को दिखाकर कर्ज लिया। करीब 1396 करोड़ रुपए का यह ऋण तय उद्देश्यों में खर्च करने की बजाय अन्य कार्यों में इस्तेमाल हुआ। इस मामले में ईडी पहले ही 310 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। इनमें से 289 करोड़ रुपए की संपत्तियां अप्रैल 2025 में बैंक ऑफ इंडिया की अगुवाई वाले कंसोर्टियम को वापस कर दी गई थीं। ईडी की जांच में सामने आया कि आईटीसीओएल और उसकी शेल कंपनियों ने 59.80 करोड़ रुपए की राशि मेसर्स अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड, ओडिशा (एएमपीएल) के बैंक खातों में डायवर्ट की थी। यह भी पता चला कि एएमपीएल के एमडी शक्ति रंजन दाश ने जानबूझकर राकेश कुमार शर्मा (मेसर्स आईटीसीओएल के प्रमोटर) को बैंक ऋण राशि को डायवर्ट करने और ओडिशा में खनन गतिविधियों में उसका उपयोग करने में मदद की।

## महज 38 की उम्र में पवित्र रिश्ता फेम एक्ट्रेस प्रिया मराठे का निधन, चल रहा था कैंसर का इलाज



**मुंबई 31 अगस्त।** लोकप्रिय टीवी सीरियल 'पवित्र रिश्ता' फेम मराठी अभिनेत्री प्रिया मराठे के निधन से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस कैंसर नाम की दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थीं और उनका इलाज चल रहा था। अभिनेत्री ने मुंबई में मीरा रोड स्थित घर पर अंतिम सांस ली और महज 38 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रिया मराठे ने कई मराठी धारावाहिकों और फिल्मों में काम किया था। एक्ट्रेस ने कुछ हिंदी टेलीविजन शोज भी किए थे, जिसमें वो 'पवित्र रिश्ता' में अपनी भूमिका से घर-घर में मशहूर हो गईं थीं। एक्ट्रेस ने इस सीरियल में अंकिता लोखंडे की बहन का किरदार निभाया था, जिनका नाम वर्षा देशपांडे था।

## मन की बातः प्राकृतिक आपदाओं पर बोले पीएम- हर पीड़ित की पीड़ा, हम सब का दर्द

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए आज लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्द, हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू-स्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए, परिवार के परिवार उजड़ गए, पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया। इन घटनाओं ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान, अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, खोजी कुत्ते और ड्रोन से निगरानी, ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई। आपदा की घड़ी में सेना मददगार बनकर सामने आई। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, प्रशासन, संकट की इस घड़ी में सभी ने हर संभव प्रयास किया। मैं ऐसे हर नागरिक को हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस कठिन समय में मानवीयता को सबसे ऊपर रखा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया, लेकिन जब आप उन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो आपको बहुत खुशी होगी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। यहां पुलवामा का पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया। पहले ये होना असंभव था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच रॉयल प्रीमियर लीग का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते हुए ये नजारा वाकई देखने लायक था।

# 100 से ज्यादा घुसपैठ करा चुका मानव जीपीएस बागू खान मुठभेड़ में ढेर



**श्रीनगर, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोस्ट वांटेड आतंकी बागू खान उर्फ समंदर चाचा को नौशेरा सेक्टर में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। बागू खान अब तक 100 से ज्यादा घुसपैठ में शामिल था और वह आतंकी जगत में ह्यूमन जीपीएस कहलाता था। सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में बागू खान समेत दो आतंकियों को ढेर कर दिया। इसे पाकिस्तान सीमा (एलओसी) पर सक्रिय आतंकियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बागू खान को ह्यूमन जीपीएस कहा जाता था। 1995 से अब तक उसने 100 से ज्यादा घुसपैठ में आतंकियों की मदद की थी। पहलगाम हमले में शामिल आतंकी भी सीमा पार से आए थे। सेना ने फिलहाल आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन शुरुआती जानकारी में बताया गया कि मारे गए दो घुसपैठियों में बागू खान भी शामिल था। सेना और पुलिस ने अब तक सिर्फ इतना बताया है कि अभियान में दो घुसपैठिए मारे गए। सूत्रों के मुताबिक, 28 अगस्त को बागू खान नौशेरा में घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा था, तभी सुरक्षाबलों ने उसे घेर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि गुरेज में मारे गए शख्स के पास से मिले पहचान पत्र में उसका नाम बागू खान और जन्मतिथि 6 अप्रैल 1975 लिखी थी। वह मुजफ्फराबाद (पीओके) का रहने वाला था और पिछले 25 साल से घुसपैठियों की मदद करने के लिए वांछित था।

इस ऑपरेशन में मारे गए दूसरे व्यक्ति की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। बागू खान का काम आतंकियों को सीमा पार घुसपैठ कराने में मदद करना था। हाल के वर्षों में माना जा रहा है कि बागू खान को फिर से सक्रिय किया गया और उसे कुछ नए काम सौंपे गए। गुरेज इलाका सेना की कड़ी निगरानी में है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में दो आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। अधिकारियों ने



रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान आजमाबाद निवासी तारिक शेख और चंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया तथा उनसे की गई पूछताछ के आधार पर दो राइफल एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने आजमाबाद में शेख के घर पर छापा मारा और उसे उसके साथी अहमद के साथ गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस दल ने जलियां गांव स्थित शेख के किराए के मकान पर छापा मारा और हथियार बरामद किए।

## बिलासपुर के मंदिर में पुजारी का मर्डर

बिलासपुर। एक पुजारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। रविवार सुबह जब पुजारी की मां मंदिर पहुंची, तो उसने बेटे मृत अवस्था में खून से लथपथ पाया। हालांकि, अभी तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका है कि चोरी का विरोध करने पर अज्ञात चोरों ने हत्या की है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, जागेश्वर पाठक उर्फ मोटू (30) परसाकापा का रहने वाला था। वह गांव के ही स्थित पाठ बाबा मंदिर का पुजारी था। वह मंदिर में ही रहता था। आशंका जताई जा रही है कि मंदिर में चोरी के नीयत आए चोरों ने हत्याकांड को अंजाम दिया होगा।

# मराठा आरक्षण को लेकर तीसरे दिन भी मनोज जरांगे का अनशन, अब तक सरकार से नहीं बन पाई बात

**मुंबई, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर सियासत सातवें आसमान पर है। बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप की लहर भी तेज होती दिख रही है। कारण है कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सक्रियता दिखा रहे मनोज जरांगे के अनशन का आज तीसरा दिन है। जरांगे और उनके समर्थकों का विरोध प्रदर्शन मुंबई के आजाद मैदान पर हो रहा है, जहां भारी संख्या में जमा होकर लोग सरकार से 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के कारण आसपास के इलाकों में ट्रैफिक पर गहरा असर देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों की संख्या इतनी ज्यादा है कि कुछ प्रदर्शनकारी सड़क पर ही नहाते भी नजर आए।

इस अनशन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को जरांगे को बातचीत का प्रस्ताव भेजा। हालांकि महाराष्ट्र सरकार की एक टीम से बातचीत कर अनशन तोड़ने का प्रस्ताव मिलने के बावजूद उन्होंने इसे ठुकरा दिया, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने शनिवार को उनके प्रदर्शन की अनुमति एक दिन और बढ़ा दी है।

## उच्चतम न्यायालय 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री से संबंधित याचिका पर एक सितंबर को सुनवाई करेगा

**नईदिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को देश भर में लागू करने को चुनौती दी गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि लाखों वाहन मालिकों को ऐसा ईंधन इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया जा रहा है जो उनके वाहनों के अनुरूप नहीं है। यह जनहित याचिका प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एक सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल मुक्त पेट्रोल उपलब्ध कराया जाए।

# डाक विभाग ने अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाएं निलंबित कीं

**नई दिल्ली 31 अगस्त। डाक विभाग ने संयुक्त राज्य अमेरिका को 100 डॉलर तक मूल्य के सभी प्रकार के डाक सामान, जिनमें पत्र, दस्तावेज और उपहार शामिल हैं, भेजने पर रोक लगा दी है।**

अपनी पूर्व अधिसूचना में डाक विभाग ने 100 डॉलर तक के मूल्य वाले पत्रों, दस्तावेजों और गिफ्ट को छोड़कर सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग को अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया था। विभाग ने कहा, अमेरिका जाने वाले डाक के परिवहन में वाहकों की असमर्थता और अनिर्धारित नियामक तंत्र को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने अमेरिका जाने वाले सभी प्रकार के डाक को पूरी तरह से निलंबित करने का निर्णय लिया है, जिसमें 100 डॉलर तक के मूल्य के पत्र/दस्तावेज और उपहार भी शामिल हैं।

## डिजिटल अरेस्ट, सवा करोड़ रुपये ऐंठने के मामले में दो लोग पकड़ाए

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने दो जालसाज़ों को डिजिटल अरेस्ट करके एक बुजुर्ग महिला से 1.25 करोड़ रुपये ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी जलगांव से हुई है। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। जिसके मुताबिक रोहित सोनार और हितेश पाटिल ने जालसाज़ों को अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करके पैसे प्राप्त करने और उसे विदेश में ट्रांसफर करने की अनुमति दी।

### मैं पूरी दुनिया में मशहूर हो गया...
## आवारा कुत्तों पर फैसला सुनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने क्यों कहा ऐसा?



**नईदिल्ली।** आवारा कुत्तों पर फैसला सुनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ का कहना है कि इस केस के कारण वो दुनियाभर में मशहूर हो गए हैं। शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ ने यह केस देने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश गवई का शुक्रिया अदा किया है। केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित एक कॉन्फ्रेंस के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा अभी तक लोग मुझे कानून के क्षेत्र में काम करने के लिए जानते थे। मगर कुत्तों वाला केस मुझे सौंपने के लिए मैं CJI का बहुत आभार व्यक्त करता हूं। इस केस के बाद पूरी दुनिया ने मुझे पहचान लिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ की अगवाई वाली दो जजों की बेंच ने 11 अगस्त को सभी आवारा कुत्तों को दिल्ली एनसीआर से हटाने का आदेश दिया था। मगर, इस फैसले का विरोध होने के बाद 22 अगस्त को तीन जजों की बेंच ने इस मामले में रियायत दे दी।

## परिजनों से संपर्क में है बदमाश तोमर बंधु कॉल ट्रेस से भी नहीं आ रहे पकड़ में



**रायपुर 31 अगस्त।** तोमर ब्रदर्स (वीरेंद्र सिंह तोमर और रोहित तोमर) के खिलाफ जून 2025 में मारपीट, वसूली, ब्लैकमेलिंग और सूदखोरी के 7 मामले दर्ज हुए, लेकिन रायपुर पुलिस तीन महीने बाद भी दोनों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। दोनों भाई फरार हैं और संभवतः मध्य प्रदेश में छिपे हुए हैं। परिजनों के संपर्क में होने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस की नाकामी तब और उजागर होती है, जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने हाल ही में पंजाब, यूपी, बिहार, राजस्थान और महाराष्ट्र से ड्रग्स तस्करों, साइबर ठगों और अन्य अपराधियों को गिरफ्तार कर 380 से ज्यादा आरोपियों को जेल भेजा है। इसके बावजूद तोमर ब्रदर्स पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। शहर की पुलिस, जिसे सबसे स्मार्ट और हाईटेक माना जाता है, इन दोनों को ढूंढने में नाकाम रही है। चर्चा है कि दोनों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते पुलिस की कार्रवाई कमजोर पड़ रही है।

# सीआरपीएफ ने नष्ट किया नक्सल सामान, खुफ़िया सूचना पर बड़ी कार्रवाई

**गारियाबंद, 31 अगस्त [एजेंसी]।**



जिले में नक्सलियों के द्वारा जंगल में छुपा कर रखे गए सामग्रियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा बरामद कर उसे नष्ट किय गया है। प्राप्त गोपनीय खुफ़िया सूचना के आधार पर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 65वीं बटालियन द्वारा 30 अगस्त को गरियाबंद जिले के थाना-मैनपुर अंतर्गत भालुडिग्गी वन क्षेत्र में एक सी स्तर का एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन चलाया गया। इस अभियान में एफ/65 एवं जी/65 कंपनियों की संयुक्त टुकड़ी सम्मिलित रही। सर्चिंग अभियान के दौरान कुल्हड़ीघाट एवं बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में छिपाकर रखी गई उपयोगी सामग्री बरामद की गई, जिसमें सिलाई मशीन, पिट्ठू बैग, प्लास्टिक के जूते, तिरपाल, दवाइयां दैनिक उपयोग की सामग्री राशन सामग्री शामिल थी। जिसे बरामद हुई तथा मौके पर ही नष्ट कर दी गई।

इस प्रकार की बरामदगी से स्पष्ट होता है कि नक्सली संगठन अब भी जंगलों में अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए स्थानीय स्तर पर सामग्री एकत्र करने का प्रयास कर रहे हैं। सीआरपीएफ़ द्वारा चलाए जा रहे निरंतर ऑपरेशन से नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला एवं छिपे रहने के साधनों को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है। 65 वीं बटालियन सीआरपीएफ़ क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा कायम रखने के लिए स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नियमित एरिया डॉमिनेशन, सर्च एवं कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित करती रहेगी।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल — M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल — M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## सरकारी नोटिस को जलाकर एनएचएम हड़ताली कर्मियों ने जताया विरोध

### 13 दिन से अपनी मांगों के लिए कर रहे हड़ताल

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबंधित कर्मचारी अपनी 10 मांगों को लेकर पिछले 13 दिन से हड़ताल पर हैं। अब तक इस मामले में किसी प्रकार का विचार सरकार की ओर से नहीं किया गया है। दूसरी ओर हड़ताल समाप्त करने के लिए कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। कर्मचारी संगठन ने चंदे के पैसे से सैकड़ो फोटो कॉपी कराई और फिर नोटिस को आग लगा दी। उन्होंने विरोध जताने के लिए यह सब किया। कोरबा में ओपन थिएटर के सामने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अनुकंपा नियुक्ति और नियति कारण के अलावा आठ दूसरी मांगों को लेकर 13 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश घर में इस प्रकार का प्रदर्शन मांगों के संबंध में हो रहा है। कर्मचारियों ने अपनी सभी मांगों को जायज बताया है और वे चाहते हैं कि सरकार इनको मंजूर करने के साथ कर्मचारियों को लाभान्वित करें। इस दिशा में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर कर्मचारी नाराज हैं। इस बीच उन्हें हड़ताल खत्म करने का नोटिस जारी किया गया जिसे मौके पर जलाकर प्रतिकार किया गया।यूनियन की वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ हर्षा ताम्रकार ने बताया कि कोविद महामारी के दौरान मिशन के कर्मचारियों ने हर संभव सेवा दी थी और इसका नतीजा आज हमारे सामने है। हम लोग इस प्रकार के हथकांडों से डरने वाले नहीं हैं। एनएचएम कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी इस मौके पर कोरबा पहुंचे उन्होंने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह मांगों पर विचार करने के बजाय दमन का तरीका अपना रही है जो उचित नहीं है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से अस्पताल में व्यवस्था पर असर पड़ने की बात की जा रही है वही स्पीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का बयान आया है जिसमें उन्होंने बताया कि नियमित कर्मचारियों की संख्या सभी अस्पताल में 80% के आसपास है जबकि 20% कर्मचारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हैं जिस प्रकार की स्थिति बनी है उसे संतुलित करने के लिए मेडिकल कॉलेज के स्टाफ और दूसरे विकल्प का उपयोग किया जा रहा है। देखना होगा कि विश्वास कर्मियों की हड़ताल और कितने दिन तक चल सकती है।

# कुपोषित नवजात के दिल में छेद मेडिकल कॉलेज में हुआ समाधान



### डॉ हेमा के प्रयास से मिली सफलता

**कोरबा।** निर्धारित समय से पहले जन्मे एक कुपोषित बच्चे के साथ समस्या यह भी थी कि उसके दिल में छेद था। बैक इको से इसकी जानकारी हुई। कोरबा के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 40 दिन तक बेहतर उपचार और जांच के साथ इस बच्चे को सामान्य स्थिति में लाया गया है और अब उसकी छुट्टी की जा रही है। बच्चों के परिजन इस व्यवस्था से काफी खुश नजर आए।

कोरबा जिले के लौटनापारा हरदीबाजार की रहने वाली रश्मि कुर्रे ने जुलाई महीने में बचचे को जन्म दिया था। समय से पहले हुए प्रसव के कारण कुछ दिक्कत थी। बच्चों का वजन भी कम था और उसके दिल में छेद होने की जानकारी मिली। रश्मि ने बताएगी ऐसी स्थिति में परिजनों का डरना स्वाभाविक था।

रश्मि ने बताया कि बच्चों को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी बेहतर चिकित्सा हुई और पोषण पर ध्यान दिया गया। अच्छी बात यह है कि नवजात स्वस्थ हो गया है और उसकी समस्या दूर हो गई है। इस मामले में विशेष प्रयास करने वाली मेडिकल कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर हेमा नामदेव ने बताया कि रश्मि का प्रसव घर पर हुआ था और उसके बाद उसे पास के अस्पताल ले जाया गया। नवजात की स्थिति नाजुक थी और उसका वजन केवल 890 ग्राम का था। डॉ हेमा नामदेव ने बताया कि नवजात कुपोषित था और जब बैक इको से जांच की गई तो उसके दिल में छेद होने की जानकारी मिली। 40 दिन तक उपचार देने के साथ बच्चों को ठीक कर लिया गया है। उसके परिजन हर्षित है।याद रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में कोरबा को मेडिकल कॉलेज कि सुविधा दी गई। उसके बाद से लगातार मेडिकल स्टाफ की भर्ती के साथ संसाधनों में बढ़ोतरी की जा रही है कोरबा जिले के सांसद आसपास के कई जिलों के मरीजों को यहां से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो रही है।



## दीपिका माइंस के सैलो से असुरक्षित कोयला परिवहन, प्रशासन को खुली चुनौती

### जन स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण विभाग ने जारी किए हैं निर्देश

**कोरबा।** कोरबा जिले में स्थित साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपका खदान साइलो से प्रतिदिन 10 से 15 ट्रेनों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में कोयले की ढुलाई की जा रही है। स्थानीय नागरिकों और श्रमिक संगठनों का कहना है कि इस प्रक्रिया में पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाना आवश्यक है।ढुलाई के दौरान यदि ट्रेनों में कोयले को तिरपाल से ढककर ले जाया जाए तो न केवल उड़ती धूल और प्रदूषण पर रोक लग सकती है, बल्कि रेल पटरियों पर कोयले के गिरने से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से भी बचाव संभव है।सामाजिक संगठनों ने यह भी चिंता जताई है कि खुले में कोयला ले जाने के दौरान चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों में ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइनों के संपर्क में आने का खतरा भी बना रहता है, जो जानमाल के लिए गंभीर हो सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पर्यावरणीय और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों एवं संगठनों ने प्रबंधन से अपील की है कि कोयले की ढुलाई में निर्धारित सुरक्षा और पर्यावरण मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए, अन्यथा वे इस मुद्दे को लेकर बड़े आंदोलन का रुख कर सकते हैं।

## 1 वर्ष तक फ्री ओपीडी सुविधा देंगे लोगों को

### आरोग्यधाम पॉलीक्लिनिक ने सेवा के 1 साल पूरे किए

**कोरबा। पावर** सिटी कोरबा में आरोग्यधाम पालि क्लिनिक को संचालित होते हुए 1 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष में 30 अगस्त को उसने कोरबा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसी के साथ घोषणा की गई थी अगले एक वर्ष तक रक्तदाताओं को ओपीडी की सुविधा यहां पर निशुल्क दी जाएगी। 30 अगस्त से 5 सितंबर तक शिक्षकों के सम्मान में फ्री ओपीडी कैंप भी लगाए जाएंगे।

आरोग्यधाम पॉलीक्लिनिक का संचालन आर के टी सी ग्रुप प्रायोजित और भजनका सेवा समिति के द्वारा किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर बीबी बोर्डे निदेशक व प्रवीण जाखड़ी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुलभ उपचार और निरंतर निशुल्क सेवा के उद्देश्य से 30 अगस्त 2024 को आरोग्य धाम की शुरुआत की गई। केवल ?20 में डॉक्टर परामर्श की सुविधा प्राप्त हो रही है। जबकि पैथोलॉजी लैब की सभी जांच बाजार दर से आदि से भी कम मूल्य पर लोगों के लिए उपलब्ध हैं अब तक 12000 लोगों ने जांच कराई है जबकि 4000 से ज्यादा लोगों ने ओपीडी का लाभ लिया है। पत्रकारों को बताएंगे कि अब तक संस्था की ओर से कई कैंप लगाए गए जिनमें 1000 से भी अधिक लोगों लाभान्वित हुए हैं। विशेष मामलों में संस्था की ओर से लोगों को निशुल्क चश्मा का वितरण भी किया गया है। आरोग्य था हमने सुनिश्चित किया है कि सोमवार से शनिवार तक गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क परामर्श की सुविधा दी जाएगी जबकि प्रत्येक मंगलवार को सभी नागरिकों के लिए फ्री ओपीडी की सुविधा होगी। कोरबा जिले में आरोग्य धाम पॉलीक्लिनिक निरंतर इस बात को सुनिश्चित कर रहा है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सस्ती दर पर सुलभ तरीके से उपलब्ध हो सके। कॉन्फ्रेंस में सेवा समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# जिले में एनसीसी के पांच कैडेट्स का थल सेना कैंप के लिए हुआ चयन



कोरबा । शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) इकाई के पांच कैडेट्स का चयन थल सेना कैंप के लिए हुआ है। इसमें कैडेट ऋषभ यादव, राकेश साहू, नेहा पटेल, राजाराम, शशि रानी शामिल हैं। वे अब दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कैंप में भाग लेंगे। यह महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट में पहली बार हुआ है, जब इतने कैडेट्स ने टीएससी कैंप के लिए सफलता प्राप्त की है। कैंप का सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें पूरे देश से चयनित कैडेट्स अपनी दक्षताए नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं। सफलता प्राप्त कैडेट्स ने कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा ने कहा कि कैडेट्स ने संस्थान का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि पूरे कॉलेज के लिए गौरव का क्षण है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। 1 छ.ग. एनसीसी बटालियन कोरबा के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार ने हर्ष व्यक्त किया। कहा कि यह चयन कैडेट्स के अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने संस्थान तथा यूनिट का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। एनसीसी प्रभारी शुभम ढोरिया ने कहा कि सभी कैडेट्स ने पूरे मनोयोग से तैयारी की थी। चयनित कैडेट्स की यह उपलब्धि पूरे यूनिट की मेहनत का परिणाम है, जो कैडेट्स इस बार चयनित नहीं हो पाए हैं। वे निराश न हों और आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयासरत रहें। यह सफलता न केवल चयनित कैडेट्स के लिएए बल्कि पूरे संस्थान और यूनिट के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।

## 72 घंटे लगातार हाइडल प्लांट के चलने से 120 मेगावाट बिजली का हो रहा उत्पादन

**कोरबा ।** कोरबा हसदेव बांगो बांध में अभी 88.99 प्रतिशत पानी का भराव है। सिंचाई के लिए पानी देने बांध के नीचे बने हाइडल पावर प्लांट को लगातार 72 घंटे चलाया जा रहा है। इससे 120 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इसकी वजह से अगस्त में गेट खोलने की नौबत नहीं आई है। बांध का जलस्तर शनिवार को 357.80 मीटर दर्ज किया गया। बांध की क्षमता 359.66 मीटर है। बांध की सिंचाई क्षमता 2 लाख 45 हजार हेक्टेयर है। अभी दोनों नहरों में सिंचाई के लिए 6770 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

बांध में पर्याप्त पानी होने से सिंचाई के लिए भी पानी की कमी नहीं होगी। अधिक बारिश होने पर हर साल अगस्त में गेट खोलने लने की नौबत आती थी। हाइडल पावर प्लांट बांध के नीचे किनारे में बना है। यहां 40-40 मेगावाट की तीन इकाइयां संचालित हैं।

## टेक्निकल अलाउंस और पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बीएमएस का प्रदर्शन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में बिजली सेक्टर से जुड़े कई लाख कर्मचारी सरकार की विसंगति पूर्ण नीति से परेशान है। इसके कारण उनके आर्थिक और सामाजिक हितों पर बुरा असर पड़ रहा है। भारतीय मजदूर संघ से जुड़े कर्मचारी यूनियन ने इन मसलों को लेकर कोरबा में एचटीपीएस परियोजना परिसर में प्रदर्शन किया। संगठन ने अपनी मांगों के बारे में प्रबंधन को ज्ञापन भी सोपा। बिजली घरों में काम करने वाले कर्मचारी लंबे समय के बाद भी बहुत सारी सुविधाओं के मामले में वंचित हैं नियमितीकरण के साथ-साथ टेक्निकल अलाउंस और पुरानी पेंशन के मामले इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है इस बारे में काफी समय से उनकी लड़ाई सीएसईबी होल्डिंग कंपनी और सरकार के साथ चल रही है बीते वर्षों में इस मामले में कर्मचारियों को आश्वासन जरूर प्राप्त हुए हैं लेकिन नतीजा नहीं । इसलिए बिजली कर्मचारी संघ ने लंबित मसलों को लेकर एक बार फिर से आंदोलन शुरू किया है। इसी के अंतर्गत बिजली घरों के सामने प्रदर्शन किया गया। कोरबा जिले के हसदेव ताप विद्युत संयंत्र क्षेत्र में कर्मचारी समय प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। कर्मचारी संगठन के प्रदेश पदाधिकारी राधेश्याम जायसवाल ने मीडिया से इस बारे में बातचीत की और बताया कि हमारी मांगे कर्मचारी के हितों से जुड़ी हुई है । हम चाहते हैं कि सभी जायज मांगों पर विचार करने के साथ इन्हें क्रियान्वित कराया जाए। प्रदर्शन के अंतर्गत बिजली कर्मचारी संघ की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन शीर्ष अधिकारियों के नाम सोपा गया कर्मचारी संगठन के प्रदर्शन को देते हुए संयंत्र क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की व्यवस्था कराई गई थी।

## श्वेता हॉस्पीटल रिसदी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग-दी आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा** कोरबा जिले में संचालित एक बार फिर से श्वेता हॉस्पीटल रिसदी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने को लेकर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है, शिकायत करता पुनिराम कुर्रे आरोप लगाया है कि मुख्य चिकित्सालय कोरबा में कार्यरत चिकित्सक के द्वारा श्वेता हॉस्पीटल रिसदी में संचालित किया जा रहा है। उक्त चिकित्सालय में मेरे द्वारा मेरी पत्नी ग्राम बेदरकोना को प्रसव के दौरान भर्ती कराया गया था। जिसमें चिकित्सक के द्वारा शल्य चिकित्सा से मेरी पत्नी ने एक पुत्री को जन्म दिया जन्म देने के बाद अचानक से तबियत बिगड़ने लगी। चिकित्सालय में एक भी जिम्मेदार चिकित्सक उपस्थित नहीं था और न ही कोई अनुभवी नर्स उपस्थित थी। इस बीच कई बार चिकित्सक से संपर्क किया गया, किन्तु ईलाज हेतु कोई अनुभवी कर्मचारी नही आये, जिसके कारण मेरी पत्नी की 02.06.2022 को दोपहर में तबियत बहुत ही ज्यादा खराब हो जाने के कारण ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।चिकित्सक के द्वारा ईलाज के दौरान लापरवाही बरते जाने एवं जिम्मेदार चिकित्सक उपस्थित नही होने के कारण आज मेरी पत्नी जीवित नहीं है। मेरा एक 03 वर्ष का बच्ची के सर से माँ का साया छिन लिया गया। मेरे द्वारा मृत्यु की जानकारी चाही जाने पर आनन-फानन में शव मेरे हाथ में सौंप दिया गया, पोस्टमार्टम कराने की इच्छा रखने पर मुझे डरा-धमका का वापस भेज दिया गया, डर के कारण मेरे द्वारा किसी प्रकार का कोई शिकायत व पुलिस कार्यवाही नही की गयी।वर्तमान में ग्राम पंचायत गोढ़ी निवासी की प्रसव के कुछ समय बाद मृत्यु हो गई, जिसके विरोध में कि गई कार्यवाही को देखकर मेरा भी हौसला बुलंद हुआ है जिसके मेरे द्वारा भी पुलिस प्रशासन से एफआईआर दर्ज करने शिकायत पत्र दी गई है। शासन प्रशासन से निवेदन है कि आगामी इस प्रकार की घटना घटित ना हो इसके लिये उचित कार्यवाही एवं तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज एवं त्वरित निलंबित व चिकित्सालय का लाईसेंस निरस्त करते हुए उचित कार्यवाही की मांग को पूरा करने का कष्ट करें।

# अग्रसेन जयंती के अवसर क्रिकेट प्रतियोगिता हुई



**कोरबा ।** महाराज अग्रसेन जयंती के पवान अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है जिसमें दिनांक 30.08.2025 को अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में फलड लाईट टर्फ क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसमें आठ टीम ने हिस्सा लिया । इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने सभी अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि वे महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिता में अधिक अधिक भाग ले व उपस्थित होवें । इस अवसर पर अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया दिनांक 31 अगस्त 2025 चॉकलेट रेस (वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिका व वर्ग ब कक्षा 4 से 7 तक के बालक बालिका हेतु), कुर्सी दौड (वर्ग अ कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिका व वर्ग ब कक्षा 5 से 8 तक के बालक बालिका हेतु), वर्ग पहेली (12 वर्ष से उपर बालका एवं बालिका हेतु ), शतरंज, लूडो, स्नैक लैडर गेम, हिट द गिलास, मटकी फोड प्रतियोगिता होगी सभी प्रतियोगिता श्री अग्र से न

# छत्तीसगढ़ को रेशम उत्पादन में नंबर वन बनाने का संकल्प: अरूण साव

कोरबा। छत्तीसगढ़ में रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने रेशम कृषि मेला सह मेरा रेशम, मेरा अभिमान, का छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने शुभारंभ किया।इस अवसर उपमुख्यमंत्री ने रेशम उत्पादन से जुड़े किसानों को चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में श्री साव ने कहा कि मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम का उद्देश्य आपको आधुनिक मशीनों के संबंध में जानकारी प्रदान करना, प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए आपको रेशम उत्पादन से जोड़ना ही नहीं है बल्कि आपकी आमदनी को बढ़ाना और आपको आत्मनिर्भर बनाकर प्रदेश और देश को आर्थिक प्रगति की राह में आगे ले जाना भी है।अभी रेशम उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे नंबर में है, इसे आप सभी के सहयोग से पहले पायदान पर ले जाना है। उन्होंने इस आयोजन को मील का पत्थर बताते हुए इसमे सभी की सहभागिता को आवश्यक बताया और किसानों के प्रशिक्षण तथा मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम के प्रगति के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से एक करोड़ रुपये देने की घोषणा करते हुए राज्य को रेशम उत्पादन में पहले नम्बर में लाने की अपील की।कोरबा के पाली ब्लॉक में केंद्रीय रेशम बोर्ड- बुनियादी बीज का प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र में केरेबो-बुनियादी तसर रेशम कीट बीज संगठन, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार बिलासपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री साव ने रेशम उत्पादन को आमदनी का प्रमुख स्रोत बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा आपको प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप जितने सक्षम होते जाएंगे आपका प्रदेश और देश भी



उतना ही सक्षम होगा। इस अभियान से किसानों को प्रशिक्षण की सुविधा मिलने के साथ ही रेशम उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने महिलाओं को महतारी वन्दन योजना से प्रतिमाह एक हजार रुपये दिए जाने की बात कहते हुए बताया कि महिलाओं को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने रेशम उत्पादन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की बात कही। इसके लिए रेशम विभाग से जुड़े अधिकारियों को कार्यालय आकर समस्याओं को चिन्हित कराने कहा है।उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित अन्य अतिथियों ने मेरा रेशम,मेरा अभिमान के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस दौरान उन्होंने रेशम कृषि मेले में आयोजित स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने आधुनिक स्तर पर उत्पादन में सहयोगी गतिविधियों को देखने के साथ ही किसानों से चर्चा भी की।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रशिक्षण एवं रेशम उत्पादन से जुड़े हितग्राही श्रीमती सोनकुंवर बैगा, मुखीराम,शिवरात्रि,गनेश राम, रेशम बाई, सोमनाथ, शकुंतला यादव, कर्मा सिंह, रामकुमार, दिनेश पाल, कनकी दास, बरातू लाल सहित अन्य किसानों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि हमारे जिले में बड़ी मात्रा में रेशम का उत्पादन होता है। यह रेशम कीमती होने के साथ ही किसानों के आय का प्रमुख जरिया भी है। रेशम उत्पादन से बहुत से लोगों को रोजगार भी मिला है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि किसानों की आमदनी भी दुगनी हो, ऐसे में स्थानीय किसानों को इससे जुड़कर आमदनी अर्जित करना होगा।पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि कोरबा को पहचान पहले से ही रेशम के पटल पर विश्व विख्यात है। यहाँ से बड़ी संख्या में किसान जुड़े हुए हैं। मेरे रेशम, मेरा अभिमान स्थानीय किसानों के लिए लाभदायक होगा।कलेक्टर अजीत वसन्त ने इस अवसर पर कहा कि मेरा रेशम, मेरा अभिमान जैसे कार्यक्रम से आमनागरिको में जागरूकता आएगी और वे रेशम के महत्व को जानने के साथ इससे जुड़ेंगे।कलेक्टर ने कहा कि रेशम उत्पादन में वे किसान भी है जो समाज के कमजोर वर्ग से है। यह गतिविधि पूर्णतः पर्यावरण अनुकूल है,जो सतत विकास के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि विभाग भी तकनीकों का इस्तेमाल कर आगे बढ़ रहा है। यह बहुत अच्छा होगा कि हम प्रशिक्षण और उत्पादन को बढ़ावा देकर आमदनी को दुगनी कर सके और सभी के लिए रेशम की उपलब्धता सुनिश्चित कर पाएं।कलेक्टर ने रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने की बात कही।केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची के निदेशक डॉ एन बी चौधरी और बिलासपुर के डॉ नरेन्द्र कुमार भाटिया ने देश प्रदेश में हो रहे रेशम उत्पादन और इससे जुड़े आजीविका के गतिविधियों को बताया।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय और राज्य रेशम बोर्ड के माध्यम से रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने प्रशिक्षण और किसानों को जोड़ने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाता है। इससे बड़ी संख्या में आदिवासी परिवार भी जुड़े है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवनसिंह कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ कुमार निशांत, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार,रेशम विभाग के सी.एस. नोन्हारे,डॉ. जयप्रकाश पाण्डेय,डॉ. हसनसाब नदाफ, डॉ. विनोद सिंह, बलभद्र सिंह भंडारी, कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केन्द्र कटघोरा के डॉ. एस.एस.पोर्ते सहित रेशम विभाग से जुड़े वैज्ञानिक एवं अधिकारी, जनप्रतिनिधि गोपाल मोदी, डॉ. राजीव सिंह तथा आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## मुआवजा नही मिली तो ग्राम जुराली के किसानों ने लगा दी धान की फसल

कोरबा । कोरबा जिले के कटघोरा-पतरापाली राजमार्ग अंतर्गत ग्राम जुराली के पास 1.80 किलोमीटर फोरलेन सड़क 2 साल बाद भी मुआवजा न मिलने की वजह से नहीं बन सकी है। किसान इस बार भी धान की फसल ले रहे हैं। 111 में से 64 किसानों को नई दर से मुआवजा वितरण भी चल रहा है। फोरलेन सड़क नहीं बनने से 8 किलोमीटर की सड़क पर आवाजाही बंद है। अब धान कटाई के बाद ही सड़क निर्माण संभव है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कटघोरा से पतरापाली सड़क की लंबाई 39.02 किलोमीटर है। इसकी लागत 850 करोड़ रुपए है। सड़क का निर्माण 2 साल पहले ही हो चुका है, लेकिन ग्राम जुराली के पास 1.80 किलोमीटर सड़क मुआवजा की वजह से रुका है। दोनों छोर पर सड़क बन चुकी है। बीच का हिस्सा बाकी है। बीच का हिस्सा बाकी है। कटघोरा बायपास की सड़क के नहीं बनने से आवाजाही बंद है। लोगों को अभी पीडब्ल्यूडी के बायपास या कटघोरा नगर से होकर आवाजाही करनी पड़ती है। ग्राम जुराली के 111 किसानों ने कम दर पर मुआवजा बनाने के कारण लेने से ही इंकार कर दिया था।

ग्राम जुराली कटघोरा नगर पालिका का ही वार्ड है। किसानों ने मुआवजा निर्धारण को आर्बिट्रेटर कमिश्नर बिलासपुर संभाग के न्यायालय में चुनौती दी थी। किसानों का कहना था कि नगरपालिका क्षेत्र में 1500 वर्ग फीट से कम जमीन होने पर हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा निर्धारण किया है।

## विधायक के प्रयास से कोसला में बनेगा गौरव पथ

**जांजगीर चांपा।** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश के प्रयास से लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति होते जा रही है। ग्राम कोसला में विधायक के प्रयास से 49 लाख रुपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण होगा। क्षेत्र विकास की ओर कदम से कदम बढ़ाते हुए प्रगति की ओर अग्रसर हो रही है।



विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश की अनुशंसा पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसला में सीसी सड़क सह नाली निर्माण की स्वीकृत दी गई है। उक्त निर्माण कार्य कमला देवी हायर सेकेंडरी स्कूल से कोटवार के घर तक 5 सौ मीटर लंबाई सीसी सड़क सह नाली निर्माण होगी। उसके लिए 49.1 लाख रुपए की स्वीकृत मुख्य अभियंता मुख्यमंत्री सड़क एवं विकास योजना के द्वारा दी गई है। गांव में पक्की सड़क एवं नाली की स्वीकृत मिलने से ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए विधायक श्रीमती हरवंश के प्रति आभार व्यक्त की हैं।

## लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**चांपा ।** लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए खो-खो, रस्साकशी और रिले रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में खेल भावना और टीम भावना को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब, चांपा के पदाधिकारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसमें लायन रामप्रप्पन देवांगन (चेयरमैन), लायन संतोष सोनी (प्रेसिडेंट), लायन डां वाई. के. शर्मा तथा लायन बजरंग अग्रवाल शामिल थे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार के साथ मिलकर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में लायन रामप्रप्पन देवांगन ने खेलों से अनुशासन और नेतृत्व गुण विकसित होने पर बल दिया। लायन संतोष सोनी ने छात्रों को सक्रिय रहने और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। लायन डां वाई. के. शर्मा ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया, वहीं लायन बजरंग अग्रवाल ने मेजर ध्यानचंद के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## ब्यास कश्यप के प्रयास से सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से ग्राम सरखों से औराईकला नहर पार होते हुए पाली पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी हुआ है। विदित हो कि जांजगीर-चांपा जिले के कुल 14 प्रमुख मार्गो के निर्माण के लिए विधानसभा के बजट सत्र 2024-25 में शामिल करने हेतु प्रस्ताव विधायक ब्यास कश्यप के द्वारा लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव को दिया गया था। इन्हीं में सरखों औराईकला नहर पार होते हुए पाली पहुंच मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. भी शामिल है। इसकी स्वीकृति बजट सत्र 2024-25 में दी जा चुकी थी तथा प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 14.08.2025 को विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है। 3.20 किलोमीटर लंबी इस मार्ग के निर्माण के लिए 4 करोड़ 36 लाख 3 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस बहुप्रतिक्षित सड़क के निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष है तथा उन्होंने जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया है।



## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी के विद्यार्थियों ने बप्पा के दर्शन किए



**जांजगीर नैला।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक-30 अगस्त 2025 को बाल-वाटिका वर्ग में कक्षा-नर्सरी से कक्षा-दूसरी तक के नन्हे-मुन्हे बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने के उददे्श्य से जांजगीर स्थित विभिन्न गणेश पंडालों में विराजित भगवान श्री गणेश जी के दर्शन एवं वहाँ के झांकियों को दिखाया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रागंण से शिक्षक-शिक्षिकाओं के सरक्षंण में बाल-वाटिका के विद्यार्थियों को सुरक्षित गणेश पंडालों तक पहुचाया गया। नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों ने कचहरी चौक स्थित श्री गणेश जी के दर्शन किए। कचहरी चौक का राजा के दर्शन करते हुए विद्यार्थी उत्साह एवं उमंग से झूम उठे, तथा गणेश जी के भक्तिमय गानों पर नृत्य भी किया। तत्पश्चात् वाला मोहल्ला गणेश पंडाल स्थित श्री गणेश जी का दर्शन कराया गया। वहाँ की झाकियों को देखकर नन्हें-मुन्हें विद्यार्थी उत्साहित हो उठे, प्रसाद स्वरूप उन्हें पोहा, जलेबी एवं चॉकलेट दिया गया। तत्पश्चात् उन्हें सुरक्षित स्कूल प्रागंण लाया गया। विद्यार्थी भगवान श्री गणेश जी के दर्शन करके उत्साहित नज़र आए। इस गतिविधि के सफल क्रियान्वयन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ एवं ग्राउंड स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# जांजगीर नैला में कचहरी चौक के राजा का धूम

### दूर-दूर से आ रहे हैं लोग भगवान गणेश जी का दर्शन करने

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिला अपनी अनेक उपलब्धियां के कारण प्रदेश के मानचित्र पर अपना अलग छाप बनने जा रही है। जहां दुर्गा उत्सव में विश्व स्तरीय पंडाल एवं भव्य प्रतिमा के कारण प्रसिद्धि प्राप्त करते जा रही है वहीं गणेश उत्सव में भी जांजगीर शहर अपना पहचान बनाने लगा है। यहां कचहरी चौक का राजा के नाम से प्रसिद्ध श्री गणेश जी की प्रतिमा लोगों के लिए आकर्षण एवं दर्शन का प्रमुख केंद्र हो गया है। विगत 17 वर्षों से विराजमान होते आ रहे इस गणेश जी की प्रतिमा इतनी भव्य एवं अनुपम है कि लोग दूर-दूर से यहां दर्शन के लिए आते हैं। प्रत्येक वर्ष अलग-अलग स्वरूपों में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाती है।



कचहरी चौक के राजा के नाम से प्रसिद्ध भगवान श्री गणेश लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है जहां न केवल जिले से बल्कि आसपास के पड़ोसी जिलों से भी लोग दर्शन के लिए पधार रहे हैं । यह प्रयास स्थानीय युवाओं के माध्यम से जारी है। कचहरी चौक के पास विराजमान श्री गणेश प्रतिमा से शहर का वातावरण पूरी तरह से भव्य हो गया है। इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश अपने रिद्धि सिद्धि के साथ यहां विराजमान है वही भव्य पंडाल लोगों को मनोहर लगने लगा है। इस पंडाल के अंदर भगवान राधा कृष्ण एवं भगवान शिव पार्वती का विराजमान प्रतिमा भी अति सुंदर एवं मनोहर है जो लोगों को खूब पसंद आने लगा है। स्थानीय युवाओं के प्रयास से विराजमान इस कचहरी चौक के राजा गणेश जी के उत्सव को और भव्य बनाने के लिए यहां कूपन के माध्यम से सामानों का उपहार भी दिया जाता है जिसे लॉटरी के माध्यम से निकलकर वितरण किया जाता है। इस समिति के कूपन के माध्यम से लोगों से मिलने वाली सहयोग राशि से सैकड़ो लोगों को उपहार का लाभ मिलता है जहां छोटी राशि के कूपन खरीदने पर लोगों को बड़ा इनाम मिलने पर वे हर्षित नजर आते हैं। जांजगीर शहर के कचहरी चौक के पास विराजमान कचहरी चौक का राजा लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र हो गया है जहां लोग दूर-दूर से आकर दर्शन कर लाभ ले रहे हैं। इसकी भव्यता एवं सुंदरता को देखकर यही कहा जा सकता है कि एक बार लोगों को जरूर इसका दर्शन लाभ लेना चाहिए। इस उत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए कचहरी चौक को लाइट से पूरी तरह से सजाया गया है जिससे रात को प्रकाश से इसकी भव्यता बढ़ जाती है।

## कुरदा के गणेश पंडाल में शराब पीकर उत्पात मचाने वालों को पुलिस नें किया गिरफ्तार

**चांपा ।** ग्राम कुरदा के कबीर चौक में गणेश पूजा पंडाल बना हुआ है। आज दिनांक 30.08.2025 को सुबह दो सामाजिक तत्व शराब के नशे में वहाँ पहुँचे और हंगामा करने लगे। इस दौरान पंडाल में उपस्थित समिति के सदस्यों से विवाद हुआ तथा दोनों ने आवेदक राजू दास महंत के साथ मारपीट भी की, घटना की सूचना पाकर थाना चांपा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों वीरेंद्र बंजारे एवं मंजूलाल उर्फ राजेश बंजारे निवासी कुरदा को पकड़ा जिसके विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस मामले में थाना चांपा में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।ग्राम कुरदा में वर्तमान में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।



## बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी दवाएं

**जांजगीर।** जिले में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की अनियमित बिक्री को रोकने पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप द्वारा जिले के मेडिकल संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें शेड्यूल एच वन और अन्य नशीली दवाओं की बिक्री पर सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जिले में करीब 750 से अधिक मेडिकल दुकानें संचालित हो रही हैं और इन दुकानों से कुछ मामलों में बिना पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। यह स्थिति समाज विशेषकर युवाओं के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य व्यापार को बाधित करना नहीं, बल्कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि कई युवा, बिना जानकारी के इन दवाओं की चपेट में आ रहे हैं और अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। यह सामाजिक बुराई है और इससे निपटना सबकी जिम्मेदारी है। बैठक में प्रांतीय औषधि विक्रेता संघ छत्तीसगढ़ के नरेश अग्रवाल, अविनाश शर्मा (अध्यक्ष), जितेंद्र केसरवानी (उपाध्यक्ष), दीपक गोयल (कोसा अध्यक्ष), नरेश अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष), नगर पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर, और जिले के ड्रग इंस्पेक्टर भुनेश्वर मोहले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# अशोक राठौर सिंचाई विभाग से हुए सेवानिवृत

**जांजगीर चांपा।** अशोक राठौड़ सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्ति हो गए हैं।कार्यपालन अभियंता द्वारा पेंशन संबंधी पी पी ओ एवं सभी क्लेम्स का सौंपा गया आदेश कार्यपालन अभियंता , हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड 2 अशोक राठौर का सेवानिवृत्त होने पर 29 अगस्त 25 को विभाग की ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सेवानिवृत्त कर्मचारी अशोक राठौर का सेवानिवृत्त तिथि 31अगस्त का है, लेकिन 30 और 31 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण महीने के अंतिम कार्यदिवस 29 अगस्त को विभाग द्वारा उनका सम्मान समारोह विभाग के आई बी रेस्ट हाउस जांजगीर में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह , संभागीय लेखाधिकारी पल्लवी प्रियंका, एस डी ओ ध्रुव मैडम सहायक अभियंता सर्व जी पी पाण्डेय , गिरिजा शंकर पांडेय पेंशन प्रभारी जे कुर्रे , कमलेश सिंह, स्टेनो कोस्टा, श्रीमती रमा राठौर,निधि याकूब,ज्योति सारथी, उमेश साहू,लिपिक रातरे सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी कर्मचारी शामिल होकर सेवानिवृत्त कर्मचारी अशोक राठौर को फूल माला ,बुके, साल, श्री फल भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। पेंशन प्रभारी के कुर्रे द्वारा अशोक राठौर के सेवाकाल के कार्यों एवं व्यवहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। अन्य वक्ताओं में आर के थवाईत , आर एस क्षत्रिय, विनीत सालोमन, जे कुर्रे पेंशन प्रभारी लिपिक , संतोष राठौर, के सी राठौर आदि के द्वारा अशोक राठौर के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह के द्वारा श्रीफल एवं शाल से सम्मानित कर उनके सभी देयकों के भुगतान आदेश की कॉपी सौंपते हुए उनके दीर्घायु की कामना की गई। सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की ओर से प्रांताध्यक्ष सर्व आर के थवाईत जी, प्रांतीय सलाहकार इंजीनियर आर एस क्षत्रिय जी , प्रांतीय पदाधिकारी गण इंजीनियर सोहन डहरिया, इंजीनियर देवी प्रसाद राठौर, इंजीनियर बी पी निर्मलकर , सोहन डहरिया , सुरेंद्र सिंह राठौर, जिला सचिव, के सी राठौर,कोषाध्यक्ष डी एन देवांगन, जिला पदाधिकारी गण सर्व विनीत सालोमन ,अमृत लाल राठौर, डी के शर्मा, शत्रुहन राठौर , गोपाल राठौर, संघ के जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रवक्ता संतोष राठौर आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर बी पी निर्मलकर एवं आभार जे कुर्रे बड़े बाबू ने किया। इस मौके पर विशेष रूप से अशोक राठौर के पुत्र गण सर्व इंजीनियर आकाश राठौर एवं अंकित राठौर भी उपस्थित रहे।



## प्रथम पूज्य गणेश की भक्ति में डूबा अड़भार

**अड़भार।** नगर पंचायत अड़भार के माता अष्टभुजी के प्रांगण व समलेश्वरी चौक दुर्गाताल मोहल्ला बस स्टैंड देवांगन मोहल्ला नगर के सभी मोहल्ले पर राजा बनकर गणाधिपति विनायक की प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधि-विधान से हो चुकी है।

गिरिजा पुत्र गणेश भूषण अपने एकदंत रूप लिए भक्तों के आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। आने-जाने वाले श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा से लंबोदर और महोदर कहलाने वाले गणपति को हाथ जोड़कर अपनी और परिवार की कुशलक्षेम का प्रार्थना करते हुए आ-जा रहे हैं। श्रद्धालुओं और भक्तों की आंखों में यह सुंदर प्रतिमा प्रथम पूज्य गणेश जी का साक्षात दर्शन करा रही है।

नगर के सभी पंडाल को गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने पूरे मोहल्ले को दुल्हन की तरह सजाया है। साथ ही विकटावतार का स्वागत करने अपनी-अपनी दुकानें भी सजायी है। नगर के समलेश्वरी चौक में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र व गांव की खुशियाली की कामना किया जा रहा। वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद देवेंद्र कार्तिक पटेल ने कहा कि हिंदू धर्म में शुभ कार्यों के आरंभकर्ता, प्रथमपूज्य देवता और विघ्नहर्ता के रूप में है।

## मनरेगा से डबरी निर्माण से बदली संतोष की किस्मत

### परेशानियों से मिली किसान को राहत, डबरी बनी सफलता की कुंजी

**जांजगीर-चांपा।** जिले की जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम खैजा में महात्मा गांधी नरेगा योजना से एक बड़ी सफलता की कहानी सामने आई है। ग्राम के किसान श्री संतोष कुमार/बाबूराम की निजी भूमि पर लगभग 2.92 लाख रुपए की लागत से डबरी (छोटा तालाब) का निर्माण किया गया। इस कार्य से न केवल 552 मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ बल्कि गांव के 13 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ भी मिला। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जिले में सतत रूप से गतिविधियां भी संचालित की जा रही है।



संतोष कुमार पाटले बताते है कि वे पहले बतख का पालन करते थे, डबरी नही होने से पहले वह छोटा गड्ढा खोदकर बतखों का पालन कर रहे थे। निजी डबरी निर्माण होने से पहले संतोष बेहद परेशान रहते थे, क्योंकि उनके खेतों में साल भर पानी की उपलब्धता नहीं होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में एक दिन उन्हें रोजगार सहायक के माध्यम से जल संरक्षण के तहत निजी डबरी निर्माण से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने आवयक दस्तावेज सहित आवेदन ग्राम सभा में दिया और ग्राम सभा से यह प्रस्ताव पास हुआ, तो तकनीकी प्रस्ताव तैयार कर उसे जनपद पंचायत के माध्यम से जिला पंचायत प्राासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया। इसके बाद संतोष कुमार की जिंदगी में बदलाव आया जब उनके खेतों में डबरी निर्माण को लेकर 2 लाख 92 हजार रूपए की प्राासकीय राशि स्वीकृत दी गई। इसके बाद फिर काम शुरू हुआ और महात्मा गांधी नरेगा के जॉबकार्डधारी परिवारों ने मिलकर संतोष कुमार पाटले की डबरी का निर्माण कर दिया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना से उनके स्वयं के जमीन पर डबरी निर्माण होने अब वे बतखो का पालन शुरू किये और अभी वह मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। इससे उन्हें डबरी में मछली से हर साल 25 हजार से 30 हजार की अतिरिक्त आय हो रही है। अब खेतों की सिंचाई आसानी से हो पा रही है, जिससे धान और अन्य फसलों का उत्पादन बढ़ा है। डबरी के पानी से पशुओं के लिए भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो गई।

संतोष कुमार पाटले ने कहा मनरेगा योजना ने मेरी जिंदगी बदल दी। पहले खेतों में पानी की समस्या रहती थी और आमदनी सीमित थी, लेकिन अब डबरी से खेती आसान हो गई है। मछली पालन और सिंचाई से आमदनी में अच्छी खासी बढ़ोतरी हो रही है। ग्राम पंचायत खैजा के सरपंच और रोजगार सहायक ने बताया कि डबरी निर्माण से गांव में कृषि उत्पादन, मछली पालन और पशुपालन को नई दिशा मिली है। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरी है बल्कि मनरेगा योजना की सार्थकता भी गांव-गांव में दिखाई दे रही है। मनरेगा द्वारा निर्मित एक डबरी कैसे किसान और गांव दोनों की आर्थिक स्थिति को बदल सकती है और स्थायी आजीविका का साधन बन सकती है।

## दिशा समिति की बैठक 03 सितम्बर को

**जांजगीर-चांपा ।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 03 सितम्बर को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।



# जिला पंचायत अध्यक्ष ने उठाया खाद की किल्लत का मुद्दा, जताई नाराज़गी

**बैठक में उद्योग प्रदूषण, खाद की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं पर कड़ी नाराज़गी,जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित**

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्य लता आनंद मिरी की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया सहित समिति के सभापति एवं सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, श्रीमती प्रमिला साहू, महादेव नेताम, श्रीमती बबीता रात्रे, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, सुश्री आशा साव, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप संचालक श्री अभिमन्यु साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उद्योगों से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या सामने आ रही है। इस संबंध में समिति ने निर्णय लिया कि उद्योग एवं पर्यावरण से संबंधित जनसुनवाई बैठकों की सूचना जिला पंचायत सदस्यों को भी अनिवार्य रूप से दी जाए, ताकि वे भी आमजन के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि राशन दुकानों का खुलने और बंद होने का समय निर्धारित होना चाहिए, जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिले में किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि किसानों को खेती-किसानी के लिए खाद बीज की कमी महसूस न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में मरीजों को समय पर उपचार मिल सके, इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका नियमित रूप से उपस्थित रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए और अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाने चाहिए। बैठक में यह निर्देश दिए गए कि हैंडपंपों की मरम्मत एवं पेयजल योजनाओं का रखरखाव नियमित रूप से किया जाए, ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। सदस्यों ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों की सिंचाई के लिए नहरों से समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति बैठक में विभागीय बजट एवं अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी ली गई। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में समय पर उपस्थित रहें और जो अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।





## लापरवाह कार चालक को 6 महीने की जेल

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर न्यायालय ने लापरवाह वाहन चालक को सजा सुनाई है। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी न्यायालय की न्यायाधीश अंजू कंवर ने रायगढ़ निवासी अभिषेक दिव्य उर्फ छोटू को दोषी पाया है। घटना 12 मार्च 2023 की है। सराईपाली निवासी गायत्री देवी अपने पति जमुनादास बैरागी के साथ मोटरसाइकिल से पीथमपुर मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी ने अपनी कार से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जमुनादास के पैर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान अस्थिभंग की पुष्टि हुई। आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया था। पीड़िता की शिकायत पर जांजगीर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279 और 338 के तहत मामला दर्ज किया। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना।

**6 माह का कठोर कारावास**

धारा 279 में 3 माह और धारा 338 में 6 माह का कठोर कारावास सुनाया गया। साथ ही अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न चुकाने पर अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। शासन की तरफ से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एस अग्रवाल ने मामले का संचालन किया।

## अनमोल वचन......

**असफलता आपको अपनी ग़लती सुधारने और वापस दो गुणी ताक़त से सफल होने के लिए प्रेरित करती है।**

## राजस्व क्षति कौन वहन करेगा?

*जीएसटी की 28 और 12 प्रतिशत की दरें खत्म करने से 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति होगी। इस नुकसान को कौन वहन करेगा। क्या इसे राज्यों को भी साझा करना होगा। अथवा, केंद्र उन्हें मुआवजा देगा। अब साफ है कि बिना प्रक्रियाओं को पूरा किए प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में परिवर्तन की घोषणा कर दी। घोषणा के पहले इस बारे में आम सहमति बनाने के किसी प्रयास का संकेत भी नहीं है। अब चूंकि नरेंद्र मोदी दिवाली का ये उपहार देने का एलान कर चुके हैं, तो उसे साकार करने की भाग-दौड़ मची है। गुजरे हफ्ते जीएसटी से संबंधित मंत्रियों के समूह ने इस कर व्यवस्था के तहत सिर्फ दो दरें (पांच और 18 प्रतिशत) रखने की सिफारिश को मंजूरी दी। ये अनुशंसा जीएसटी काउंसिल को भेजी गई है। काउंसिल की बैठक 3-4 सितंबर को बुलाई गई है। उसमें निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा। मगर इस बीच कई सवाल हैं। वित्तीय अखबारों के आकलन के मुताबिक 28 और 12 प्रतिशत की दरें खत्म करने से 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षति होगी। इस नुकसान को कौन वहन करेगा।*

*क्या इसमें उन राज्य सरकारों को भी साझा करना होगा, जिनकी पहले से सहमति प्राप्त नहीं की गई? अथवा, राज्य सरकारों के नुकसान की क्षतिपूर्ति केंद्र करेगा? केंद्र का 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के बराबर रहा था। अधिकांश राज्य भी भारी घाटे में हैं। प्रत्यक्ष नकदी ट्रांसफर की लोक-लुभावन योजनाओं ने पहले ही उन्हें वित्तीय संकट में डाल रखा है। ऐसे में मुख्य प्रश्न है कि कुल घाटे को भरने का क्या तरीका केंद्र सुझाएगा।*

*इस सिलसिले में यह भी उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगाए जा रहे प्रतिबंध से राजकोष को तकरीबन 20,000 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। इन तथ्यों को जीएसटी के मौजूदा ढांचे को बनाए रखने के पक्ष में दलील के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जीएसटी को सरल करने की जरूरत है। बल्कि बेहतर तो यह होगा कि पेट्रोलियम पर उत्पाद शुल्क के बोझ से भी लोगों को राहत दी जाए। मगर साथ ही राजस्व का प्रश्न है। इस पर स्पष्टता के अभाव में आशंका पैदा होती है कि कहीं एक तरफ राहत देकर दूसरी तरफ आम लोगों से ही सरकार वसूली तो नहीं करने लगेगी!*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने काम को परफेक्ट तरीके से करेंगे, जिससे बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आज आपके रोजगार से जुड़े कार्यों को सफलता मिलेगी, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जा सकते हैं, आपको अच्छा लगेगा। आज आप अपने घर का माहौल शांत और सौम्य बनाने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपकी व्यावसायिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी और आपके व्यापारिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। आज आप कोई निर्णय लेने में ज्यादा जल्दबाजी न दिखाएं, थोड़ा रूककर और सोच समझकर ही काम को आगे बढ़ाएं।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहने वाला है। आज आप अपने जीवन को सही दिशा में लेकर जायेंगे और आपको जल्द ही अच्छे रिजल्ट्स मिलेंगे। आज आपको बड़ों का सानिध्य मिलेगा और घर में सुख सुविधा संबंधी वस्तुओं की खरीदारी भी रहेगी। आज आपका मन अध्यात्म में लगेगा, आपको मानसिक शांति मिलेगी। इस राशि के सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन मिलने की संभावना है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके परफॉरमेंस की तारीफ होगी और जूनियर भी आपसे सीखने का प्रयास करेंगे। आज बिजनेस के रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिल सकती हैं, जिससे आप अन्य कार्यों की भी योजना बनायेंगें।

**सिंह राशि :** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस में कुछ परिवर्तन करने का प्लान बनायेंगे, जिसका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप नयी योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। आज पारिवारिक तथा सामाजिक गतिविधियों में भी आपका योगदान रहेगा। आज आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में ज्यादा लगेगा, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ लेकर आप कारोबार में वृद्धि कर सकते हैं। आज काम को लेकर दौड़ -भाग रहेगी लेकिन कलीग की सहायता से सारा काम कम्पलीट हो जायेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम के सिलसिले में पिता से बात करेंगे, जिसमें वो आपका पूरा सहयोग देंगे। आज आप पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में सफल रहेंगे, किसी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशहाल रहेगा। आज आप बेवजह की बातों में समय बेकार ना करके अपने काम पर ध्यान देंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम बना रहेगा। आज आप अपने पूरे दिन के टारगेट बनाकर काम करेंगे, जिससे आपके ज्यादा से ज्यादा काम बनेंगे। आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि अच्छी बनेगी जिसका लाभ आपको जल्द ही मिलेगा। आज आपके किसी काम में थोड़ी उलझन रह सकती है, लेकिन आप अपनी मेहनत और सूझ -बूझ से सब ठीक का कर लेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहने वाला है। आज आप प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का मन बनायेंगे और आपको किसी करीबी के माध्यम से अच्छी डील भी मिलेगी। आज किसी भी काम में की गई मेहनत का उचित परिणाम हासिल होंगाऔर आप दूसरों से भी अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी अधिकतर योजनायें सफल रहेंगी और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप अपने ऑफिस से जुड़े सारे काम निपटाने लेंगे, जिसमें कलीग भी आपकी मदद करेंगें। इस राशि के बिजनेस मैन आज बड़ा मुनाफा कमायेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कर्तव्यों को अच्छे से निभायेंगे, परिवार में सब आपकी तारीफ करेंगे। आज आप काम में थोड़ा ज्यादा बिजी रहेंगे, इसलिए आपको थकान महसूस हो सकती है। आज आप निकट करीबियों से मुलाकात करेंगें उनसे मिलकर आपको खुशी होगी। आज आपका मन रचनात्मक चीजों में लगेगा, आपके मन में नए -नए विचार आएंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके जरूरी और महत्वपूर्ण कार्य बनेंगे, जिससे आपका आत्मबल मजबूत होगा। आज आप दुकान या मकान से रिलेटेड कोई काम शुरू करवा सकते हैं। आज आप समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के लिए किसी योजना की शुरुआत करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगें और बच्चों के लिए कुछ गिफ्ट खरीदेंगे, जिससे वे खुश हो जायेंगे।

# हिंदू राष्ट्र का निर्माण चिरंतन मुद्दा

//अजीत द्विवेदी//

**अयोध्या में राममंदिर का निर्माण, देश भर में समान नागरिक संहिता लागू करने और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और भारतीय जनसंघ का सबसे पुराना एजेंडा था। आजादी के तुरंत बाद से इस पर बहस हो रही थी और अलग अलग समय पर आंदोलन भी हुए। इनमें से दो मुद्दे सुलझ गए हैं। अयोध्या में भव्य राममंदिर बन गया है और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया है। जहां तक देश भर में समान कानून लागू करने की बात है तो उसकी भी शुरुआत हो गई है। उत्तराखंड पहला राज्य बना है, जहां यूसीसी लागू किया गया है। इसी तर्ज पर गुजरात और असम जैसे राज्यों में भी इसे लागू करने की तैयारी चल रही है।**

भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि राज्यवार समान नागरिक संहिता लागू हो। अब सवाल है कि इन तीन मुद्दों के हल होने के बाद आगे क्या। हिंदू राष्ट्र का निर्माण चिरंतन मुद्दा है वह चलता रहेगा लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा और संघ का नया मुद्दा घुसपैठ का है। अब हर बात में घुसपैठ का जिक्र होगा, हर चुनाव में यह मुद्दा होगा और इसे सुलझाने के प्रयास के लिए वोट मांगे जाएंगे। कहने की जरुरत नहीं है कि घुसपैठ की समस्या के लिए कांग्रेस और उसकी कथित तुष्टिकरण की नीतियों को जिम्मेदार बताया जाएगा। यह भी कहने की जरुरत नहीं है पहले के मुद्दों की तरह इसमें भी अंतर्निहित मुद्दा हिंदू-मुस्लिम का होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से लगातार 11 बार भाषण दिए तो उसमें उन्होंने घुसपैठ का जिक्र नहीं किया। घुसपैठ का जिक्र पहली बार उनके 12वें भाषण में आया। जाहिर है अनुच्छेद 370, यूसीसी और राममंदिर के बाद पैदा हुए खालीपन में एक नए मुद्दे की तलाश थी, जो घुसपैठ पर जाकर खत्म हुई है। हालांकि अभी तक इस मुद्दे के चुनाव जीता देने की क्षमता की परीक्षा नहीं हुई है। झारखंड में भाजपा ने बड़े जोर शोर से इस मुद्दे को आजमाया था लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस मुद्दे के चैंपियन नेता असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को झारखंड में उतारा गया था लेकिन वे भी विफल रहे। लेकिन भाजपा ने हार नहीं मानी है। उसको पता है कि पुराने मुद्दे कितने दशक तक चले थे और कितने समय के बाद उनका राजनीतिक लाभ मिलना शुरू हुआ था। इसलिए घुसपैठ का मुद्दा पूरे जोरशोर से चलता रहेगा।

झारखंड के बाद इसकी परीक्षा बिहार में होगी और उसके बाद असम और पश्चिम बंगाल में इसे आजमाया जाएगा। इन तीन राज्यों के चुनाव को ध्यान में रख कर ही इसे मुद्दा बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से ऐलान किया कि सरकार एक उच्च अधिकार प्राप्त डेमोग्राफी कमीशन बनाएगी, जो घुसपैठ की समस्या का आकलन करेगी और इससे निपटने के उपाय करेगी। ध्यान रहे घुसपैठ की समस्या नई नहीं है। आजादी के बाद से ही भारत में कई तरफ से घुसपैठ हो रही है।

बुनियादी रूप से घुसपैठ की समस्या को लेकर ही भारत 1971 की लड़ाई में शामिल हुआ था। सो, पिछले कई दशक से यह समस्या भारत के सामने है और भाजपा हर चुनाव में इसे किसी न किसी रूप में उठाती भी रही है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि इसे मुख्य मुद्दे के तौर पर उठा कर राष्ट्रीय विमर्श में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। कितनी कामयाबी मिलेगी इसकी परीक्षा नवंबर से लेकर मई तक होने वाले तीन राज्यों, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल के नतीजों में होगी।

अब सवाल है कि सरकार घुसपैठ की समस्या को सिर्फ राजनीतिक मुद्दे के तौर पर उठा रही है या सचमुच इसका समाधान करना चाहती है। यह सवाल इसलिए है क्योंकि पिछले 11 साल से लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार है और अभी तक घुसपैठ रोकने का एक भी गंभीर प्रयास होता नहीं दिखा है। पिछले छह साल से लगातार अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री हैं। उन्होंने सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन बांग्लादेश की सीमा की बाड़ेबंदी का काम पहले की तरह मंथर गति से ही चल रहा है। इसमें कोई तेजी नहीं आई है। बांग्लादेश की सीमा से होने वाली घुसपैठ के लिए 11 साल पहले की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाता है और पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला किया जाता है वह जमीन नहीं दे रही है। अगर बंगाल सरकार जमीन नहीं दे रही है तो सवाल है कि क्या असम से लगती सीमा पर बाड़ लगा दी गई है या त्रिपुरा से लगती बांग्लादेश की सीमा पर बाड़ लगा दी गई है। असम में 10 साल से और त्रिपुरा में आठ साल से भाजपा की सरकार है। डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद बांग्लादेश से लगती सीमा पर बाड़ नहीं लगाई गई है और इंसानों से लेकर पशुओं तक की तस्करी जारी है। पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकार है लेकिन म्यांमार से आने वाले रोहिंग्या घुसपैठियों को नहीं रोका जा सका है। रोहिंग्या घुसपैठियों की समस्या तो बढ़ी ही पिछले 11 साल में है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठ की समस्या को बड़ा मुद्दा बताया है और कहा है कि इससे देश की जनसंख्या संरचना बदल रही है। इसके लिए उन्होंने सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को सचेत किया है और निगरानी बढ़ाने को कहा है। सवाल है कि कई साल पहले जब राज्यों के विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने सीमावर्ती राज्यों में सीमा या नियंत्रण रेखा से डेढ़ सौ किलोमीटर के अंदर तक निगरानी करने, जांच करने, छापा मारने और गिरफ्तार करने का अधिकार केंद्रीय अर्धसैनिक बल बीएसएफ को सौंप दिया फिर भी घुसपैठ क्यों नहीं रूकी, जो अब सीमावर्ती जिले के अधिकारियों को सचेत किया जा रहा है। ध्यान रहे पहले बीएसएफ को 50 किलोमीटर अंदर तक जांच करने और संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार था, जिसे बढ़ा कर डेढ़ सौ किलोमीटर कर दिया गया है। जब सीमा से लेकर 50 किलोमीटर तक की निगरानी बीएसएफ कर रही थी तो घुसपैठ कैसे बढ़ी और अब जबकि डेढ़ सौ किलोमीटर तक निगरानी उसके जिम्मे है तब भी घुसपैठ क्यों जारी है। सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है। यह भी नहीं बताया जा रहा है कि अगर यह योजना कामयाब नहीं हुई है तो दूसरा क्या रास्ता अपनाया जाएगा।

बिना किसी योजना के यहां वहां घुसपैठियों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। दिल्ली में और एनसीआर के शहरों, जैसे गुरुग्राम, गाजियाबाद और नोएडा में धरपकड़ हो रही है। लेकिन किसी को पता नहीं है कि पकड़े जा रहे बांग्लाभाषी लोग पश्चिम बंगाल के हैं या बांग्लादेश के। अवैध घुसपैठियों को निकालने का काम कैसे व्यवस्थित तरीके से किया जाता है यह अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने दिखाया। अमेरिका ने भारत के सैकड़ों अवैध प्रवासियों को हथकड़ी और बेड़ी में जकड़ कर सेना के जहाज में बैठा कर भारत भेज दिया। भारत अगर गंभीर है तो घुसपैठियों की पहचान ऐसे व्यवस्थित तरीके से करे और उन्हें बांग्लादेश की सीमा में जाकर छोड़े। लेकिन ऐसा कोई प्रयास करने की बजाय इसका राजनीतिक नैरेटिव बनाया जा रहा है।

झारखंड में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी आरोप लगे हैं कि राज्य में घुसपैठियों को बसा कर उनको नागरिक बनाया जा रहा है, जो एक दिन विधायक बन कर विधानसभा में पहुंचेंगे। केंद्र में भाजपा की सरकार होने और सीमा प्रबंधन उसके हाथ में होने के बावजूद कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड पहुंच कर वहां बस रहे हैं, इसका जवाब कौन देगा। इसी तरह असम में चुनाव है तो हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने नियम बनाया है कि अगर जमीन की अंतरधार्मिक खरीद बिक्री होती है तो उसके लिए पहले पुलिस की मंजूरी लेनी होगी। ध्यान रहे झारखंड और असम में एक जैसा मुद्दा उठाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठिए भारत में आकर शादी कर रहे हैं और जमीन खरीद रहे हैं। इस आरोप में सचाई भी है लेकिन सरकार इसे रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं कर रही है। भाजपा के लिए घुसपैठ बड़ा मुद्दा है लेकिन उसे सुलझाने से पहले उसका राजनीतिक लाभ लेने की सोच दिख रही है।

# न्यूयॉर्क बनने का सपना देखता मुंबई

//श्रुति व्यास//

**कुछ दिनों से मैं मुंबई में हूँ। यह महानगर उभरते भारत की झिलमिलाहट बतलाता हुआ है। काँच की इमारतें मानसून के आसमान को छूती हैं। नया कोस्टल रोड अरब सागर पर किसी रिबन की तरह खुलता चला जाता है। यह वही शहर है जो न्यूयॉर्क बनने का सपना देखता है। तभी लगातार निर्माणाधीन स्काइलाइन, वॉल स्ट्रीट के ब्रोकरों जैसी दौड़-भाग, ब्रॉडवे जितने चमकीले फिल्म सितारे, और वे कैफ़े, जहाँ स्टार्टअप की बातें गूँजती रहती हैं। मुंबई उस वैश्विक चमक को छूना चाहती है और वह न कभी सोता है और न थमता है। हमेशा भागता है, हमेशा ऊपर उठने को तत्पर।**

फिर भी, चमक फीकी-सी लगी। शायद एक वजह लगातार बरसात थी। लगातार भारी बादल, चिपचिपी नमी जो देह से चिपकी रहती है, वे गड्ढे जो पूरी गाड़ियों को खचरा बना देते हैं, या फिर वह ट्रैफ़िक जो शहर की साँस रोक देता है। लेकिन बारिश और मौसम के नखरे तो न्यूयॉर्क भी जानता है। वहाँ की चमक इतनी आसानी से नहीं छिलती। यहाँ तक कि जब ट्रंप व्हाइट हाउस में लौटकर वॉल स्ट्रीट को टैरिफ़ युद्ध और व्यापारिक धमकियों से हिलाते हैं, तब भी न्यूयॉर्क अपनी चमक नहीं खोता। उसका स्काइलाइन लगातार दमकता है, उसकी धुन अब भी कायम है। मुंबई, इसके उलट, कहीं ज़्यादा नाज़ुक लगा।हठ–मानो पहली बारिश ही इसके ग्लैमर को बहा ले गई हो। दरअसल उसकी चमक को अनिश्चितताओं का बोझ धो डाल रहा है।आज का भारत भी ऐसे ही एक बड़े बादल से ढका हुआ है–अनिश्चितता, जो अब इस देश का नया मौसम बन गई है।

यह बिना चेतावनी आता है, अंतहीन टिकता है, और बाकी हर मौसम को अपने रंग में ढाल देता है। मानसून, जो कभी राहत लाता था, अब ख़तरे की आहट है। उत्तराखंड से हिमाचल, कश्मीर तक–बादल फटने की खबरें बिना रुके आती हैं, नदियाँ राक्षसों की तरह उफनती हैं, कीचड़-पानी घरों और उम्मीदों दोनों को बहा ले जाता है। जिन देवताओं को हमने लंबे समय तक हल्के में लिया था, वे अब हिसाब वसूल रहे हैं। न्यूयॉर्क भी तूफ़ानों को जानता है–सबवे में पानी भरने वाले हरिकेन, सड़कों को जकड़ देने वाले बर्फ़ीले तूफ़ान–लेकिन उसका आत्मविश्वास टिकता है। वहाँ ढाँचा झुकता है, फिर उठता है, फिर से बनता है। भारत में, हर बारिश मानो ढहने जैसा महसूस होती है। फ़र्क़ सिर्फ़ भूगोल का नहीं, भरोसे का है।

आसमान की मार ही काफ़ी न थी कि वॉशिंगटन से लगी चोट भारत के लिए और गहरी है। डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय निर्यात पर 50ब टैरिफ़ लगाना महज़ आर्थिक झटका नहीं था, यह वह गड़गड़ाहट थी जिसने एक दशक से बुने गए भ्रम को चकनाचूर कर दिया। हाउडी मोदी के रंगारंग आयोजन से लेकर साझेदारी की तमाम तस्वीरों तक, भारत को यक़ीन था कि वह अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पर ट्रंप की राजनीति की ठंडी गणित में साझेदारी वहीं ख़त्म हो जाती है जहाँ उसका स्वार्थ शुरू होता है।और असर सिर्फ़ सैद्धांतिक नहीं है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने मंगलवार को कहा कि तिरुप्पुर, नोएडा और सूरत के वस्त्र-निर्माता उत्पादन रोक चुके हैं। यह क्षेत्र वियतनाम और बांग्लादेश जैसे सस्ते प्रतिद्वंद्वियों के सामने पिछड़ रहा है। जहाँ तक समुद्री उत्पादों का सवाल है, ख़ासतौर पर झींगे, जिन्हें अमेरिकी बाज़ार लगभग 40ब तक खाता है, उसके लिए टैरिफ़ वृद्धि का मारक मतलब है। स्टॉक के नुकसान, सप्लाई चेन का टूटना और किसानों की दुर्दशा, फियो अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने चेताया है। इस टैरिफ़ दीवार ने सूरत के हीरा तराशने वालों से लेकर आंध्र के झींगा किसानों, तिरुप्पुर के वस्त्र श्रमिकों और पुणे की मशीनरी इकाइयों तक, लाखों की रोज़ी-रोटी पर वार किया है। रुपये का मूल्य गिरा है, शेयर बाज़ार डगमगाए हैं, विकास दर के अनुमान घट चुके हैं। और एक ही झटके में भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ़ लगे देशों में गिना जाने लगा है।जबकि वॉल स्ट्रीट अभी भी बमबम है, न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज अब भी वैश्विक धड़कन तय कर रहा है। उसकी अस्थिरता में भी एक दृढ़ता झलकती है। जबकि मुंबई का बाज़ार, इसके विपरीत, हर टैरिफ़ हेडलाइन पर काँप जाता है। एक शहर निश्चितता पर चलता है, दूसरा उम्मीद पर।और फिर भी, इस दरार, संकट के बीच प्रधानमंत्री अपनी लय में चलते हैं। मेट्रो और हाइवे के रिबन काटना। नारे दोहराना मानो कोई मंत्र हों: मेक इन इंडिया। मेक फ़ॉर द वर्ल्ड। दिवाली से पहले बड़े टैक्स तोहफ़ों का वादा–एक सरल जीएसटी प्रणाली, उपभोग को मुक्त करने के लिए। पर यह सब एक और जुमला ही लगता है–मानो नारे दोहराने से हक़ीक़त बदल जाएगी। लेकिन शब्दों का खेल जो हो रहा है, वह सच नहीं ढक सकता। टैक्स में छूट या जीएसटी में छोटे सुधार उपभोग को थोड़ा सहला सकते हैं, पर 50 प्रतिशत टैरिफ़ दीवार के झटके को नहीं रोक सकते। वे उन दरवाज़ों को नहीं खोल सकते जो अमेरिका ने बंद कर दिए हैं। वे उन निर्यातकों को नहीं बचा सकते जिनकी फैक्टरियाँ आज बंद हो रही हैं। मोदी के वादे की निश्चितता और भारत की जीती-जागती अनिश्चितता के बीच की खाई अब और गहरी हो गई है।मध्यवर्ग के लिए यह अनिश्चितता और भी निजी रूप लिए होती है। मुंबई में मैंने शायद ही किसी से मुलाक़ात की हो जो जीवन से संतुष्ट दिखे–बिल असहनीय हैं, किराए अकल्पनीय और खर्चे लगातार सिर चढ़ते हुए। दिल्ली से भी ज़्यादा बोझिल और बेमुरव्वत लगता है यहाँ का जीवन। दिल्ली में घर खरीदना मिलेनियल के लिए सपना है, तो मुंबई में यह नामुमकिन-सा है। जगह की ऐसी किल्लत कि अमीर से ग़रीब तक सभी एक-दूसरे पर चढ़े हुए रहते हैं–छतें और दीवारें तकरीबन धकेल रही हों, निजता उतनी ही दुर्लभ है जितनी जगह। छोटी-सी ख़ुशी भी अब फिज़ूलखर्ची लगती है। टैक्सी की सवारी जेब चीर सकती है। कैफ़े लियोपोल्ड में पास्ता की एक प्लेट अब ?800 से ऊपर है–यह महज़ खाना नहीं, बल्कि एक बयान लगता है। वही कैफ़े, जो अब सिर्फ़ कैफ़े नहीं रहा, बल्कि 26/11 की यादों और शांताराम की पंक्तियों से एक स्मारक बन गया है। मुंबई के इस एक कोने में ग्लैमर और ग़म, चाहत और थकान, सब भीड़ की तरह साथ रहते हैं।

यही धीरे-धीरे भारत की कहानी बन रही है। महँगाई घरों को खा रही है, रोज़गार अटक-अटककर चल रहा है। कभी एक परिवार हर 3ङ्क4 साल में कार बदल सकता था, अब एक दशक लग जाता है। कभी विंडो शॉपिंग शौक था, अब मजबूरी है। हर तीसरा युवा फ़्रीलांसर है–चुनाव से नहीं, बल्कि इसलिए कि पक्की नौकरियाँ ही ग़ायब हो गई हैं। सरकार तक अब न लोगों को स्थायी रूप से रखती है, न गाड़ियों को–सब भाड़े पर। विकल्प भी घटे हैं। कभी मुंबई की उड़ान के लिए जेट एयरवेज़, किंगफ़िशर, एयर इंडिया, इंडिगो में से चुन सकते थे, अब दो विकल्प बचे हैं। कभी टेलीकॉम में एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया, बीएसएनएल सभी थे–अब फ़ोन अपने आप जियो से जुड़ता है क्योंकि बाक़ी नेटवर्क बस नाममात्र हैं। ग्यारह साल के नारों की गूँज रोज़मर्रा की ज़िंदगी की छोटी-छोटी झुँझलाहटों से टकराती है। ग़रीब के लिए चोट और गहरी है–कम शिफ़्टें, कम निर्यात, कम रक़म।और सबसे ज़्यादा जो कुतरता है, वह है भरोसा। मोदी की राजनीति अपरिहार्यता के भाव पर खड़ी रही है–भारत की नियति एक विश्वगुरु के रूप में, 2047 तक विकसित राष्ट बनने के रूप में। लेकिन ट्रंप के टैरिफ़ ने इस आभा को फाड़ दिया। अगर अमेरिका अपने सबसे मज़बूत साझेदार के साथ ऐसा कर सकता है, तो कौन-सी निश्चितता बची है। राष्ट्र की अपनी निश्चितता भी बिखरती दिखती है। संसद अब लगभग रंगमंच है, अदालतें दबाव में डगमगाती हुई और मीडिया सवाल से ज़्यादा प्रतिध्वनि है। जो संस्थाएँ बाज़ारों को संभालनी चाहिए थीं, वे अविश्वास पैदा करती हैं। लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था की जो मचान दशकों से खड़ी थी, वह अब पतली और भुरभुरी हो गई है।अनिश्चितता अब इतनी व्याप्त हो चुकी है कि स्थिरता भी छलावा लगती है। पिछली बार भारत ऐसी धुंध में कोविड के समय दाख़िल हुआ था, जब पूरी दुनिया उसी तूफ़ान में थी। तब कम से कम हम अकेले नहीं थे। आज की अनिश्चितता ज़्यादा अकेली है, ज़्यादा खोखली। क्योंकि तब और अब के बीच का असली फ़र्क़ भरोसा है–और भरोसा ढह रहा है। संस्थाएँ अब आश्वस्त नहीं करतीं, नेता प्रेरित नहीं करते, सच अब भरोसा नहीं जगाता। भरोसे के बिना, निश्चितता भी अनिश्चित हो जाती है।भारत से कहा जा रहा है कि अपनी नियति का उत्सव मनाए, खुद को अजेय समझे। मुंबई से कहा जा रहा है कि वह अगला न्यूयॉर्क बनेगा। दिल्ली अब भी सत्ता का मंच है–चौड़ी सड़कें, राजनीतिक आडंबर, लाल क़िले से गूँजते वादे। पर सच्चाई यह है कि कोई भी अपने किरदार पर खरा नहीं उतर रहा।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मुंबई में भगवान गणेश की लालबागचा राजा मूर्ति के पंडाल का दौरा किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में अलीपुर डीएम कार्यालय में जिला समिति अध्यक्ष के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान।



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बादल फटने के बाद प्रभावित क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान जारी है।



जापान की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद चीन के लिए रवाना होते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।




फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के सदस्य नई दिल्ली के सदर बाजार स्थित कुतुब रोड चौक पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेते हुए।



मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जारंगे पाटिल के समर्थक मुंबई में उनके आंदोलन में शामिल होने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बाहर एकत्र हुए।



बिहार के सारण जिले में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

### भारत-चीन संबंधों पर अपनी टांग क्यों अड़ा रहा नेपाल ?

# ओली ने चिनफिंग से इस बात पर जताई आपत्ति तो नहीं मिला भाव



**नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने शनिवार को तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत और चीन के बीच लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने के समझौते पर आपत्ति जताई। यह जानकारी उनके सचिवालय ने दी।नेपाल लिपुलेख को अपना क्षेत्र बताता है, जिसे भारत ने स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा है कि यह न तो उचित है और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है। विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के हवाले से प्रधानमंत्री सचिवालय ने एक बयान में कहा, इस अवसर पर प्रधानमंत्री ओली ने नेपाली क्षेत्र लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने के लिए भारत और चीन के बीच हुए समझौते पर स्पष्ट रूप से अपनी आपत्ति जताई। बयान में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया, नेपाल का मानना है कि चीन इस संबंध में नेपाल के साथ सहयोग करेगा। प्रधानमंत्री ओली के सचिवालय ने कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को मजबूत करने पर भी सहमत हुए। चीन स्थित नेपाली दूतावास की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ओली ने पहले से सहमत परियोजनाओं (इसमें बीआरआई भी शामिल है) के कार्यान्वयन में तेजी लाने की आशा व्यक्त की। उन्होंने उर्वरक, पेट्रोलियम, अन्वेषण, मानव संसाधन, विकास, जलवायु परिवर्तन से निपटने और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में समर्थन का अनुरोध किया। हालांकि, नेपाली प्रधानमंत्री ओली की विवादास्पद आपत्तियों पर चीन चुप रहा। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर जारी एक आधिकारिक बयान में इस मुद्दे का कोई जिक्र नहीं किया गया।

इस बीच, चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि शी ने ओली के साथ अपनी वार्ता में बताया कि उच्च गुणवत्ता वाली बेल्ट एंड रोड पहल पर चीन-नेपाल सहयोग लगातार आगे बढ़ रहा है और दोनों देश एक-दूसरे के और करीब आ रहे हैं। बयान में कहा गया कि शी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को रणनीतिक आपसी विश्वास बढ़ाना चाहिए तथा एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं से संबंधित मुद्दों पर एक-दूसरे का दृढ़तापूर्वक समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें उद्योग, कृषि और पशुपालन, नई ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, तेल और गैस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा में सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

# रामबन के करालना गांव में भूस्खलन से मची अफरा-तफरी

### प्रशासन ने 85 लोगों को किया रेस्क्यू



**उधमपुर।** रामबन जिले की रामसू सब डिविजन के करालना गांव में शनिवार दोपहर अचानक हुए भूस्खलन ने ग्रामीणों में अफरातफरी मचा दी। पहाड़ी से गिरे मलबे ने बिसलेरी नाले को 80 फीसद बाधित होने से कृत्रिम झील जैसी बन गई। इसके साथ ही पहाड़ी से गिरे मलबे नीचे रहने वाले घरों के बेहद करीब तक आ गया। दोनों परिस्थितियों को देख कर लोग घबरा गए। सूचना मिलते ही प्रशासन ने बिना देरी खतरे की जद में आए सभी परिवारों को सुरक्षित निकाल रामसू में ठहराया है।शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे रामसू सब डिविजन के करालना गांव की पहाड़ी पर अचानक भारी भूस्खलन हुआ। पहाड़ी के ऊपरी हिस्से से खिसका मलबा नीचे पहुंचने में महज 45 सेकंड का समय लगा। मलबा नीचे बहने वाला बिसलेरी नाले में गिरा और उसे 80 फीसद बाधित कर दिया। इससे वहां पर कृत्रिम झील जैसी बनी शुरू हो गई है, हालांकि नाले में बहाव कम है और पानी का बहाव लगातार जारी रहा। मगर जल स्तर बढ़ने या और भूस्खलन से बहाव पूरी बाधित होने की सूरत में खतरा बड़ सकता है। वहीं भूस्खलन का मलबा और साथ गिरे छोटे पत्थर करालना गांव के घरों और उनके आसपास गिरे। इन दोनों स्थितियों ने करालना गांव के लोगों मे हड़कंप मचा दिया। भयभीत ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन से मदद मांगी।जैसे ही जानकारी मिली डीसी रामबन मोहम्मद एलियास खान के निर्देशों पर एसडीएम रामसू माजाहिर काजमी की निगरानी में राहत, बचाव और पुनर्वास कार्य शुरू किया गया। प्रशासन, पुलिस और क्यूआरटी की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करालना गांव से 30 परिवारों के कुल 85 लोगों को सुरक्षित निकाल कर रामसू पहुंचाया। जहां सभी को सरकारी हाई स्कूल रामसू में शरण दी गई है। यहां पर प्रभावितों के ठहरने, खाने,पीने और सोने के साथ उपचार सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं की गई है।इस बारे में एसडीएम रामसू मजाहिर काजमी ने बताया कि भूस्खलन से गांव के बने घर और सामान के साथ लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मौसम को लेकर जारी चेतावनियों के मद्देनजर सभी लोगों को एहतियात के तौर पर गांव से हटाया गया है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके। उन्होंने कहा फिलहाल 80 फीसद बाधित बिसलेरी नाला से पानी सामान्य रूप से बह रहा है, इसलिए खतरा नहीं है।

# असम में जारी रहेगा बेदखली अभियान, सीएम सरमा बोले- इस कार्रवाई को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन

**गुवाहाटी, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को दावा किया कि केंद्र राज्य सरकार के बेदखली अभियान का पूरी तरह से समर्थन करता है, जो पिछले दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से स्पष्ट था। शाह ने स्पष्ट किया था कि असम और पूरे देश को अवैध घुसपैठियों से मुक्त कराया जाएगा। राज्य की भाजपा सरकार ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक अभियान शुरू किया था, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया था।सरमा ने कहा कि राज्य में बेदखली जारी रहेगी, क्योंकि हम अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से 160 वर्ग किलोमीटर से अधिक भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। बेदखली अभियान के कारण विस्थापित हुए ज्यादातर लोग बंगाली भाषी मुस्लिम समुदाय से हैं,



जिनका दावा है कि ब्रह्मपुत्र नदी के कटाव के कारण उनके पूर्वज उन इलाकों में आकर बस गए थे जहां अभियान चलाया गया। घुसपैठ के मुद्दे पर सरमा ने कहा कि राज्य में पुश बैक दो मोर्चों पर हो रहा है।

इसमें नए अवैध प्रवासियों और 1971 के बाद प्रवेश करने वाले दोनों के खिलाफ कार्रवाई जा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि असम पुलिस ने 33 नए घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेज दिया है। साथ ही चेतावनी दी कि सावधान रहें। हमारे कड़े प्रयास जारी हैं और आने वाले दिनों में और तेज होंगे।हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें किस सेक्टर से वापस भेजा गया है, लेकिन ज़्ज्यादातर घुसपैठियों को श्रीभूमि जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते वापस भेजा जा रहा है।

## गुजरात में उठा वोट चोरी का मुद्दा कांग्रेस बोली- यहां भी मतदाता सूचियों में भारी गड़बड़ी

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ही तरह गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने भी भाजपा पर राज्य में वोट चोरी तथा मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।उन्होंने नवसारी संसदीय क्षेत्र की चौर्यासी विधानसभा सीट की 40 प्रतिशत मतदाता सूची की जांच के बाद इसमें 30 हजार फर्जी मतदाताओं के होने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस रविवार को अहमदाबाद में वोट अधिकार रैली निकालेगी। दक्षिण गुजरात की नवसारी लोकसभा सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल रिकार्ड सात लाख 73 हजार मतों के अंतर से चुनाव जीते थे। चावड़ा का कहना है कि नवसारी क्षेत्र की चौर्यासी विधानसभा सीट पर पंजीकृत मतदाताओं की संख्या छह लाख से अधिक है। इस सीट के 40 प्रतिशत मतदाता सूचियों के अध्ययन से पता चला है कि इनमें 30 हजार मतदाताओं के नाम फर्जी हैं। कांग्रेस गुजरात की सभी 182 विधानसभा सीटों की मतदाता सूचियों की जांच करेगी।

## वॉयस ऑफ अमेरिका पर ट्रंप की नजर, जाएंगी 500 से ज्यादा नौकरियां



**वाशिंगटन।** वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) और अन्य सरकारी अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों की देखरेख करने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया 500 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। इससे समाचार आउटलेट्स के भविष्य को लेकर महीनों से चल रही कानूनी लड़ाई और गंभीर हो सकती है। यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया के कार्यकारी सीईओ कारी लेक ने शुक्रवार देर शाम नौकरी में कटौती के नए दौर की घोषणा की। लेक ने इंटरनेट मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया था, जिसमें कहा गया था कि पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारियों की 532 नौकरियां खत्म की जा रही हैं। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही एक संघीय जज ने उन्हें वीओए के निदेशक माइकल को पद से हटाने से रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय प्रसारण सलाहकार बोर्ड के बहुमत के बगैर निदेशक को नहीं हटाया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि ऐसा करना अवैध माना जाएगा। इस एजेंसी में रेडियो फ्री यूरोप और एशिया और रेडियो मार्टी भी शामिल हैं, जो क्यूबा में स्पेनिश-भाषा के समाचार प्रसारित करता है।

## प्रेम प्रसंग या पारिवारिक कलह, गया के चिलीम गांव में तीन बच्चों की मां ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**शेरघाटी, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

थाना क्षेत्र के चिलीम गांव में शनिवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के चिलीम गांव निवासी राजू पासवान की पत्नी कौशल्या देवी 30 वर्षीय के रूप में की गई है।घटना की सूचना पर एएसपी शैलेंद्र सिंह मौके वारदात पहुंचकर मृतका के बच्ची और स्वजन से पूछताछ किया। उन्होंने बताया कि स्वजन से मिल रही जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है। लेकिन स्पष्ट नहीं है। प्रशासन छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि महिला का फांसी लगाते हुए कुछ वीडियो मिला है। जिसके आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। मामला प्रेम प्रसंग का है या पारिवारिक कलह। पुलिस इन बिंदुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम मौके वारदात पहुंच कर जांच का नमूना एकत्र की है। इधर गांव में मातम पसरा है।स्वजन और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। खबर के मुताबिक मृतका के पति जमशेदपुर के एक निजी कंपनी में काम करते हैं। मृतका के दो बेटे एक बेटी है।उनकी बेटी दिव्या कुमारी ने पत्रकारों को बताया कि हम और हमारा छोटा भाई स्कूल गए हुए थे। हमारा छोटा भाई पृथ्वीराज का पैर बिल्ली के टट्टी पर चला गया था तो हमने भाई को बोला कि तुम घर जाकर नहा कर आओ। जब वह घर आया तो अपनी मां को फांसी के फंदे में लटका हुआ पाया।

## महाराष्ट्र में इमारत ढहने के मामले में चार और गिरफ्तारी, बेहद खतरनाक इमारतों को तुरंत खाली कराया जा रहा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में इस सप्ताह एक इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत के मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच का जिम्मा मीरा-भयंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया गया है।मुंबई से सटे पालघर के विरार इलाके के विजय नगर में बुधवार रात रमाबाई अपार्टमेंट नामक चार मंजिला अवैध इमारत बगल के एक खाली पड़े मकान पर गिर गई थी। इस घटना में दो बच्चों समेत कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई।वरिष्ठ निरीक्षक शाहूराज रानावरे ने कहा कि अपराध शाखा ने जमीन की मालिक, दो महिलाओं और उस पर बनी इमारत में रहने वालों से किराया वसूलने वाले उनके पतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुरुआत में मुख्य आरोपित बिल्डर नीतल साने को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# भारत को यूक्रेन युद्ध में अनुचित रूप से निशाना नहीं बनाना चाहिए, एस जयशंकर ने अमेरिका के सवालों का दिया जवाब



**नईदिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को फिनलैंड की अपनी समकक्ष एलिना वाल्टोनन के साथ फोन पर बातचीत के बाद कहा कि यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भारत को अनुचित रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।विदेश मंत्री की इस टिप्पणी को अमेरिका के उन आरोपों के संदर्भ में देखा जा रहा है कि भारत रियायती मूल्य पर रूस से कच्चा तेल खरीदकर मास्को की युद्ध मशीन की सहायता कर रहा है। जयशंकर ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हमारी चर्चा यूक्रेन युद्ध और उसके परिणामों पर केंद्रित रही। इस संदर्भ में भारत को अनुचित तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हमने हमेशा बातचीत और कूटनीति का समर्थन किया है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने इस सप्ताह कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क केवल भारत के अनुचित व्यापार के बारे में नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मॉस्को की युद्ध मशीन को भारत द्वारा दी जा रही वित्तीय जीवन रेखा को काटना भी है। भारत पहले ही आरोपों को खारिज कर चुका है। देखने वाली बात ये है कि अमेरिका ने आश्चर्यजनक रूप से चीन की आलोचना नहीं की है जो रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक है।

## विपक्ष ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने से ढ़ाई गुना अधिक नाम काटने का दिया आवेदन, ECI ने दी रिपोर्ट

**पटना।** मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत विपक्षी दलों ने जितने मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन पत्र जमा कराए हैं उनसे ढ़ाई गुणा आवेदन पत्र नाम हटाने को लेकर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि सीआईआईएमएल एवं राजद की ओर से शनिवार तक कुल 128 आवेदन पत्र जमा कराया गया है। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि सीआईआईएमएल की ओर से कुल 118 दावे-आपत्तियों से संबंधित आवेदन जमा कराया गया है। इनमें से सिर्फ 15 मतदाताओं का आवेदन पत्र नाम जोड़ने के लिए जबकि 103 आवेदन पत्र नाम हटाने के लिए दिया गया है। वहीं, राजद की ओर से मात्र 10 दावे-आपत्तियों से संबंधित आवेदन जमा कराए गए हैं। राजद ने सभी मतदाताओं के नाम सूची में नाम सम्मिलित कराने को लेकर दिया हैं। इसके अलावा प्रारूप सूची में राज्य भर के 29872 मतदाताओं ने नाम जोड़ने के लिए जबकि 1,97,764 मतदाताओं का नाम सूची से हटाने के लिए जमा कराया गया है।

## रांची रेलवे स्टेशन पर महिला से छेड़छाड़ करना पड़ा भारी, अदालत ने आरोपी को सुनाई तीन साल की सजा

**रांची।** रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव ने रांची रेलवे स्टेशन पर महिला यात्री के साथ अश्लील हरकत करने के अभियुक्त सनवर अंसारी को तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्ति पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है।जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे अलग से छह माह की साधारण कारावास की सजा काटनी पड़ेगी। यह घटना 25 सितंबर 2021 की शाम रांची रेलवे स्टेशन पर उस समय घटी जब मधुबनी बिहार के हरिशंकर ठाकुर अपनी बेटी का सीआइपी रांची से इलाज करा कर वापस लौट रहे थे। बेटी को प्लेटफार्म पर बैठाकर टिकट कटाने गए। वापस आने पर देखा कि आरोपित उनकी बेटी के साथ गलत हरकत कर रहा है। चिल्लाने पर वहां मौजूद पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। इस घटना को लेकर रांची रेल थाना में सनवर अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

# बाइक सवार युवकों पर फायरिंग, एक शख्स को लगी गोली, लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



**फुलवारी, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

शरीफजानीपुर थाना के पसही में शनिवार की देर शाम मोटर साइकिल सवार दो युवकों पर गोली बारी कर दी गई। जिसमें एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। इस घटना के बाद अफरार तफरी मच गई और किसी प्रकार युवक जान बचा कर भागे। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के विरोध में लोगों ने शिवाला-नौबतपुर मार्ग को जाम कर दिया। लोगों का कहना था कि जानीपुर थाना क्षेत्र के बोधगांवा पसही,फरीदपुर में नशा का कारोबार के कारण पिछले तीन दिनों से विवाद चल रहा है। मगर पुलिस ने नशा के धंधे बाजों के खिलाफ कोई करवाई नहीं किया और ना ही इससे बंद कराने का प्रयास किया।वहीं लोग इस घटना को अंजाम देने का आरोप एक व्यक्ति पर लगा उसकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर मामला शांत किया और करीब ढाई घंटे के बाद सड़क जाम हटावाया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बोधगांवा निवासी सन्नी कुमार अपने दोस्त प्रमोद के साथ मोटर साइकिल से शनिवार की देर शाम पसही बाजार से घर आ रहा था तभी पसही बाजार में दोनों पर अचानक से गोली चलने लगी।गोली सन्नी को निशाना बना कर चलाई गई थी मगर प्रमोद जो मोटर साइकिल के पीछे बैठा था। उससे लग गई।प्रमोद के जांच में गोली लगी और सन्नी उससे किसी प्रकार लेकर बोधगांवा भाग कर पहुंचा जहां से उससे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, इस घटना के बाद लोगों ने शिवाला नौबतपुर मार्ग को जाम कर आगजनी करने लगे।

जाम और आगजनी करने वालों कहना था कि जानीपुर थाना क्षेत्र के बोधगांवा से लेकर फरिदपुर तक नशे का धंधा जोरों से होता है। इस कारण पिछले तीन दिनों से विवाद चल रहा था। वहीं सन्नी का भी एक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। लोगों का कहना था कि गोली बारी करने वालों को गिरफ्तार किया जाये और नशे का धंधा करने वालों के खिलाफ करवाई करते हुए इस धंधे में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाये। लोगों का कहना था कि बोधगांवा से लेकर फरीदपुर तक ब्राउन शुगर,स्मैक,हिरोईन,गांजा और शराब की बिक्री खुलेआम होती है।जाम और आगजनी की खबर पा कर तीन थाना पुलिस एवं डीएसपी फुलवारी शरीफ टू मौके पर पहुंचे और किसी प्रकार लोगों को समझा कर जाम हटवाया।

## दो दिन बाद गंगोत्री और सप्ताह बाद शुरू हो सकती है यमुनोत्री धाम की यात्रा, तैयारियां हुई तेज

**उत्तरकाशी, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

दो दिन बाद गंगोत्री व सप्ताहभर बाद यमुनोत्री धाम की यात्रा शुरू हो सकती है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने चारधाम यात्रा से जुड़े हित धारकों के साथ बैठक की, जिसमें भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे को शीघ्र बहाल कर यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया। शनिवार को जिला मुख्यालय में डीएम की ओर से बुलाई गई बैठक में होटल, टैक्सी, मैक्सी व बस यूनियन के संचालक शामिल हुए। बैठक में डीएम आर्य ने कहा कि इस मानसून सीजन में गंगोत्री नेशनल हाईवे भूस्खलन व भू-धंसाव के चलते कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसे सुरक्षित आवाजाही के लिए तैयार करने का काम युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, यमुनोत्री नेशनल हाईवे भी अनेक स्थानों पर अवरुद्ध हुआ है, जिसे सुचारू करने का कार्य गतिमान है। उन्होंने मौसम पूर्वानुमान एवं अलर्ट को देखते हुए दो दिन बाद गंगोत्री धाम की यात्रा व करीब सप्ताहभर के बाद यमुनोत्री हाईवे के बहाल होते ही यमुनोत्री धाम की यात्रा शुरू करने की बात कही।बैठक में चारधाम संयुक्त संरक्षण समिति के संयोजक अजय पुरी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष अंकित उप्पल, टीजीएमओ यूनियन अध्यक्ष गजपाल रावत, गंगोत्री होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल नोटियाल आदि मौजूद रहे



# दिल्ली के बवाना में धमाके के बाद फैक्ट्री का हिस्सा गिरा, हादसे में एक की मौत और दो घायल



**बाहरी दिल्ली, 31 अगस्त [एजेंसी]।**

बवाना औद्योगिक क्षेत्र में तेज धमाके के बाद मैटल कोटेड (रैक कोटिंग) फैक्ट्री की इमारत का हिस्सा ढह गया। इस हादसे में फैक्ट्री मालिक के बेटे की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। धमाका इतना जबरदस्त था कि तीन मंजिला इमारत के भूतल का अगला हिस्सा पूरी तरह से ढह गया और दूसरी मंजिल को भी नुकसान पहुंचा है। फैक्ट्री से कुछ दूरी पर सड़क किनारे सैलून चला रहा युवक भी मलबे की चपेट में आने से जख्मी हो गया। दो वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह सिलेंडर या कंप्रेसर विस्फोट का मामला प्रतीत होता है। राहत एवं बचाव के लिए दमकल की छह गाड़ियों मौके पर भेजी गईं। यह हादसा शनिवार शाम साढ़े के करीब बवाना स्थित डीएसआईडीसी सेक्टर-एक के प्लाट संख्या 86 में हुआ।बाहरी उत्तरी जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में सिलेंडर या कंप्रेसर में विस्फोट की सूचना बवाना पुलिस को मिली। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के शेरकोट गांव के रहने वाले नाजिम (35) बेहोशी की हालत में पाए गए, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के देबौदा गांव निवासी अखिलेश (22) को भी मामूली चोटें आईं और अब उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ करने पर पता चला कि इस फैक्ट्री में रैक कोटिंग होती थी। फैक्ट्री को दिल्ली के न्यू मुल्तान नगर (पश्चिम विहार) के रहने वाले निज़ामुद्दीन चलाते हैं। निजामुद्दीन ने इमारत को किराए पर ले रखा था। निजामुद्दीन मृतक युवक नाजिम के पिता हैं। उन्होंने बताया कि विस्फोट कहां और किस वजह से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। आरंभिक जांच में यह सिलेंडर या कंप्रेसर विस्फोट का मामला प्रतीत होता है। इस मामले में बीएनएस के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दमकल विभाग की ओर से बताया गया कि शाम 6.37 बजे हादसे की सूचना मिली थी। राहत एवं बचाय कार्य के लिए छह गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। बताया जाता है कि विस्फोट के बाद फैक्ट्री के कुछ हिस्से में आग भी लग गई थी।

# इतिहास, संस्कृति और इत्र की नगरी है बुरहानपुर



बुरहानपुर की स्थापना 14वीं शताब्दी में फारूक़ी सुल्तानों ने की थी, लेकिन इसे ख्याति मिली मुग़ल शासन के दौरान। बुरहानपुर को मुग़ल साम्राज्य ने एक प्रमुख सैनिक केंद्र और शाही विश्रामगृह के रूप में विकसित किया।

मध्य प्रदेश का बुरहानपुर एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है जो स्थापत्य, संस्कृति, मुग़ल इतिहास और इत्र (परफ्यूम) निर्माण की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। नर्मदा नदी के किनारे बसा यह नगर अपने भीतर अनेक कहानियाँ समेटे हुए है— युद्धों की, प्रेम की, भक्ति की और कला की। यदि आप इतिहास प्रेमी हैं या अद्भुत मुग़ल वास्तुकला देखना चाहते हैं, तो बुरहानपुर आपके लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है।

**बुरहानपुर का ऐतिहासिक परिचय**

बुरहानपुर की स्थापना 14वीं शताब्दी में फारूक़ी सुल्तानों ने की थी, लेकिन इसे ख्याति मिली मुग़ल शासन के दौरान। बुरहानपुर को मुग़ल साम्राज्य ने एक प्रमुख सैनिक केंद्र और शाही विश्रामगृह के रूप में विकसित किया। यहीं से शाहजहाँ की पत्नी मुमताज़ महल की मृत्यु हुई थी, जिनकी याद में बाद में आगरा में ताजमहल का निर्माण हुआ।

**बुरहानपुर के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**शाही क़िला (शाही महल)**

बुरहानपुर का सबसे प्रमुख आकर्षण। यह क़िला नर्मदा नदी के किनारे स्थित है और इसे फारूकी सुल्तानों ने बनवाया था। इसमें मुग़ल शैली की नक्काशी, दीवार चित्र और सुंदर उद्यान देखने को मिलते हैं। यहीं पर मुमताज़ महल ने अंतिम साँसें ली थीं।

**बड़ी दरगाह**–यह सूफी संत हज़रत सैयद ज़ैन-उल-आबिदीन शाह की दरगाह है। यहाँ हर साल उर्स मेला आयोजित होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह स्थल बुरहानपुर की धार्मिक सहिष्णुता और सूफी संस्कृति का प्रतीक है।

**धरमपुरी और असिरगढ़ किला**

बुरहानपुर के समीप स्थित असिरगढ़ क़िला एक विशाल और प्राचीन दुर्ग है, जिसे दक्षिण का द्वार कहा जाता है। इसकी दीवारें और गुप्त सुरंगें इसे एक रोमांचक स्थल बनाती हैं।

**हामिदिया मस्जिद और जामा मस्जिद**

ये मस्जिदें मुग़ल वास्तुकला के सुंदर उदाहरण हैं, जिनमें सुंदर मेहराब, मीनारें और नक्काशी देखने को मिलती है।

मुमताज़ महल का मूल मक़बरा (अहूखाना)

यह वह स्थल है जहाँ मुमताज़ महल का पार्थिव शरीर आगरा ले जाने से पहले रखा गया था। आज भी यहाँ की दीवारों पर उस काल की मौन गूंज सुनाई देती है।

**इत्र और कारीगरी का केंद्र**

बुरहानपुर को इत्रों की नगरी भी कहा जाता है। यहाँ पारंपरिक तरीके से गुलाब, केवड़ा और चंदन से इत्र बनाए जाते हैं। साथ ही, यहां की बुनाई कला (हैंडलूम टेक्सटाइल) भी प्रसिद्ध है, विशेष रूप से हिमरू और मशरू वस्त्र।

**धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता**

यहाँ हिंदू, मुस्लिम, जैन और सिख समुदायों के धार्मिक स्थल मिलते हैं, जो इसकी सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं। नर्मदा किनारे का गोस्वामी तुलसीदास घाट और सिंधी समाज का बड़ा मंदिर भी दर्शनीय हैं।

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

नवंबर से फरवरी का समय बुरहानपुर घूमने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, जब मौसम ठंडा और सुहावना होता है। बुरहानपुर एक ऐसा स्थल है, जहाँ इतिहास केवल किताबों में नहीं, दीवारों, दरवाज़ों और हवाओं में बसा हुआ है। यह नगर न केवल स्थापत्य प्रेमियों और इतिहासकारों के लिए स्वर्ग है, बल्कि एक आम यात्री के लिए भी शांति, भक्ति और सुगंध से भरपूर अनुभव प्रदान करता है। एक बार की यात्रा आपको मुग़ल काल की भव्यता, सूफी परंपरा की गहराई और भारतीय विविधता की सुंदरता से परिचित करा देगी।



## शिल्पा शेट्टी ने श्रीदेवी को किया याद रीक्रिएट किया चांदनी वाला लुक


अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पर चांदनी का खुमार छाया है। उन्होंने इसकी एक रील अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

इस रील में शिल्पा शेट्टी मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी के 'चांदनी' लुक को रीक्रिएट करती दिख रही हैं। शिल्पा पीली साड़ी में हूबहू श्रीदेवी जैसी लग रही हैं। वो फिल्म के गाने तेरे मेरे होठों पे गीत मितवा पर डांस भी करती दिखाई दे रही हैं।

इस रील के जरिए श्रीदेवी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपना आदर्श बताया है। अभिनेत्री ने इसे शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, मेरी आदर्श श्रीदेवी को श्रद्धांजलि। इस पोस्ट को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वो एक्ट्रेस की तारीफ भी करते दिखाई दिए।

चांदनी श्रीदेवी और ऋषि कपूर की एक रोमांटिक फिल्म थी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। इसके गाने हिट थे, और आज भी लोग उन्हें गुनगुनाते दिख जाते हैं। इससे पहले एक पोस्ट में शिल्पा शेट्टी ने बताया था कि इस बार वो गणपति जी को घर नहीं ला रही हैं, इस बात का उन्हें दुख है। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर पिछले गणपति उत्सव की एक रील और एक भावुक नोट साझा किया था। शिल्पा ने लिखा, इस साल आपके बिना घर अधूरा सा लग रहा है, लेकिन दिल आपके आशीर्वाद से भरा है। गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस आप जल्दी आना। आगे उन्होंने इसका कारण भी बताया। उन्होंने लिखा, प्रिय मित्रों, अत्यंत दु:ख के साथ, हमें आपको यह सूचित करते हुए खेद हो रहा है कि परिवार में किसी के निधन के कारण, इस वर्ष हम गणपति उत्सव नहीं मना पाएंगे। परंपरा के अनुसार, हम 13 दिनों का शोक मनाएंगे और इसलिए किसी भी धार्मिक उत्सव से परहेज करेंगे। आभार सहित, कुंद्रा परिवार। शिल्पा शेट्टी को आखिरी बार फिल्म सुखी में देखा गया था। वो बहुत जल्द कन्नड़ एक्शन ड्रामा फिल्म केडी: द डेविल में नजर आएंगी। इसमें संजय दत्त, ध्रुव सरजा और नोरा फतेही भी अहम किरदार में हैं।

## कच्चा प्याज खाने से हो सकते हैं ये नुकसान, जानें सही मात्रा



प्याज एक ऐसी सब्जी है, जो लगभग हर घर में किसी न किसी रूप में जरूर इस्तेमाल होती है। सलाद के तौर पर कच्चा प्याज खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि कच्चे प्याज का अधिक सेवन कई नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए आज हम आपको कच्चे प्याज के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान और इसके लिए सही मात्रा के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**गैस और पेट दर्द की समस्या हो सकती है**

कच्चे प्याज में फाइबर की अधिक मात्रा होती है, जिस वजह से इसका ज्यादा सेवन पाचन क्रिया पर बुरा असर डाल सकता है। इसके कारण गैस और पेट दर्द जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कच्चे प्याज के अधिक सेवन से पेट में जलन और ऐंठन भी हो सकती है। इसलिए गैस और पेट दर्द जैसी समस्याओं से बचने के लिए कच्चे प्याज की सीमित मात्रा का सेवन करें।

**शुगर का स्तर हो सकता है प्रभावित**

कच्चे प्याज में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो शुगर के स्तर को कम करने का काम करते हैं। हालांकि, अगर आप कच्चे प्याज का अधिक सेवन कर लेते हैं तो इससे शुगर का स्तर काफी कम हो सकता है। इससे शरीर में कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए मधुमेह के रोगी भी सीमित मात्रा में ही कच्चे प्याज का सेवन करें।

**दांतों और मसूड़ों को पहुंचा सकता है नुकसान**


कच्चे प्याज का अधिक सेवन दांतों और मसूड़ों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसका कारण है कि इसमें कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो मुंह के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। कच्चे प्याज के अधिक सेवन से मुंह में जलन हो सकती है। साथ ही मसूड़ों में सूजन और दर्द हो सकता है। इसके अलावा मुंह के छाले भी हो सकते हैं। इसलिए कच्चे प्याज का अधिक सेवन न करें।

**हो सकत है सिरदर्द**

अगर आपको अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है तो इसका कारण भी कच्चे प्याज का अधिक सेवन हो सकता है। इसके कारण सिरदर्द के साथ-साथ सिर में जलन और चक्कर जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपको सिरदर्द की समस्या है तो कच्चे प्याज का अधिक सेवन करने से बचें। बता दें कि कच्चे प्याज में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो मुंह के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं।

**कच्चे प्याज खाने की सही मात्रा**

अगर आप रोजाना खाना खाते समय कच्चा प्याज खाते हैं तो आपको एक दिन में 20 से 25 ग्राम कच्चे प्याज का सेवन करना चाहिए, वहीं अगर आप सलाद के तौर पर कच्चा प्याज खाते हैं तो इसे अपनी डाइट में हफ्ते में 2 से 3 बार शामिल करना बेहतर होगा। इसके अलावा कच्चे प्याज का अधिक सेवन करने से बचें क्योंकि इससे कई समस्याएं हो सकती हैं।



**सफारी, सेल्फी और स्वादिष्ट खाना...अफ्रीकन ट्रिप पर प्रियंका, मौज-मस्ती के बीच भी वर्कआउट नहीं भूली देसी गर्ल**

। इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक कैरोसेल पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने अपनी ट्रिप की झलकियां दिखाईं।

## अनुभवी कलाकारों की तुलना में इंफ्लुएंसर्स को ज्यादा मौके मिलते हैं : समृद्धि शुक्ला

अभिनेत्री समृद्धि शुक्ला इन दिनों लोकप्रिय टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है में अपने किरदार को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव के बारे में अपनी राय रखी।



अभिनेत्री ने अकहा कि आज के मनोरंजन जगत में इंफ्लुएंसर्स को अनुभवी कलाकारों की तुलना में ज्यादा मौके मिलते हैं।

अभिनेत्री ने बताया, इंफ्लुएंसर्स को मौके तो मिलते हैं, लेकिन वह इसे कितने अच्छे से उपयोग करते हैं, यह तो उनके काम से ही पता चलता है। अगर कोई इंफ्लुएंसर अभिनय में अच्छा है, तो ये अच्छी बात है लेकिन अगर आपका अभिनय उतना अच्छा नहीं है, तो शायद आपको फिर से सोचना चाहिए। यह एक बदलाव है जो मैं देख रही हूं।

आज के दौर में दर्शक किस तरह के कंटेंट की ओर आकर्षित होते हैं, इस पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि टीवी पर हम ऐसा अभिनय करते हैं जिससे दर्शक अपने आपको जोड़ पाएं। उन्होंने कहा, आजकल जो शो अच्छे चल रहे हैं, उनके किरदार काफी जाने पहचाने से लगते हैं। अगर ऐसी कहानी है जिसके किरदार उस पर परफेक्ट नहीं बैठ रहे हैं, भले ही वे मुख्य किरदार ही क्यों न हों, उनमें खामियां दिखने ही लगती हैं। समृद्धि ने यह भी बताया कि वह एक अभिनेत्री के रूप में नए-नए किरदारों में खुद को ढलते देखना चाहती हैं। वो हर जॉनर में खुद को साबित करना चाहती हैं। उन्हें थ्रिलर फिल्में देखना पसंद है, लेकिन रोमांटिक कॉमेडी उनकी पसंद है। फिर भी, वह भविष्य में रोम-कॉम किरदार निभाना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मुझे थ्रिलर बहुत पसंद है और मैं ओटीटी पर थ्रिलर करना चाहूंगी। लेकिन मैं रोम-कॉम भी करना चाहूंगी, क्योंकि मुझे कॉमेडी करना बहुत अच्छा लगता है। समृद्धि शुक्ला वर्तमान में लोकप्रिय टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभिरा पोद्दार की भूमिका निभा रही हैं। टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है लंबे समय से चलता आ रहा है। इस सीरियल का निर्माण राजन शाही के प्रोडक्शन हाउस डायरेक्टर कुट प्रोडक्शंस के तहत हो रहा है। इस सीरियल में रोहित पुरोहित और समृद्धि शुक्ला मुख्य भूमिका में हैं।

## शरीर की 10 बड़ी बीमारियों से दिलाएगा छुटकारा, रसोई में रखा ये छोटा सा खजाना

हमारी रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसालों में लौंग का खास स्थान है। ये छोटे-छोटे फूलों की सूखी कलियां होती हैं, जो इंडोनेशिया के मालुकु द्वीप से दुनिया भर में पहुंची हैं। सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाती, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती हैं। आइए जानें लौंग के 10 ऐसे फायदे जो इसे एक औषधीय मसाला बनाते हैं।

**इम्युनिटी को मजबूत बनाता है**

लौंग में मौजूद विटामिन C, एंटीऑक्सीडेंट और अन्य रोग-प्रतिरोधक तत्व शरीर की इम्युनिटी यानी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं। ये तत्व शरीर को बैक्टीरिया, वायरस और फंगल संक्रमणों से बचाने में मदद करते हैं। जब हमारी इम्युनिटी मजबूत होती है, तो हम सामान्य सर्दी, खांसी, जुकाम और मौसम बदलने पर होने वाली बीमारियों से जल्दी उबर सकते हैं या फिर बीमार ही नहीं पड़ते। लौंग का नियमित सेवन शरीर को संक्रमणों से लड़ने के लिए तैयार करता है और संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

**पाचन शक्ति को बेहतर बनाता है**

लौंग पाचन एंजाइम्स को सक्रिय करने में मदद करती है, जिससे खाना आसानी से पचता है। यह गैस, अपच, पेट दर्द और सूजन जैसी समस्याओं को दूर करने में कारगर है। इसके ऐंठन-रोधी गुण पाचन तंत्र की मांसपेशियों को आराम देते हैं, जिससे पेट हल्का महसूस होता है।

**वजन घटाने में सहायक**

लौंग मेटाबॉलिज्म यानी शरीर की चयापचय क्रिया को तेज करती है, जिससे कैलोरी जल्दी बर्न होती हैं। साथ ही यह पाचन में सुधार करती है, जिससे शरीर में वसा जमा नहीं होती। इसे नियमित रूप से खाने में शामिल करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है**

लौंग में ऐसे प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं जो शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं। इंसुलिन वह हार्मोन है जो शरीर में ब्लड शुगर (रक्त शर्करा) को नियंत्रित करता है। जब इंसुलिन ठीक से काम करता है, तो शरीर में शुगर का स्तर संतुलन में रहता है और डायबिटीज का खतरा कम होता है। जो लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं या जिन्हें प्रीडायबिटीज है, उनके लिए लौंग एक प्राकृतिक उपाय हो सकता है। रोजाना थोड़ा-सा लौंग पाउडर या काढ़े के रूप में इसका सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, इसका सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करना बेहतर होगा, खासकर अगर आप पहले से कोई दवा ले रहे हैं।



**लिवर को डिटॉक्स करता है**

लौंग में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स और यूजिनॉल जैसे सक्रिय यौगिक लिवर को हानिकारक विषैले पदार्थों से बचाते हैं। ये तत्व लिवर की सफाई (डिटॉक्स) में मदद करते हैं और उसके कामकाज को बेहतर बनाते हैं। जब लिवर स्वस्थ रहता है, तो शरीर के अंदर जमा हुए जहरीले पदार्थ आसानी से बाहर निकलते हैं। इससे शरीर का डिटॉक्सिफिकेशन प्रोसेस सुचारू रूप से चलता है और हम स्वस्थ बने रहते हैं।

**सांस की बीमारियों में राहत देता है**

लौंग में पाए जाने वाले सूजनरोधी और जीवाणुरोधी गुण सांस से जुड़ी कई बीमारियों में आराम देते हैं। यह खांसी, बलगम जमना, अस्थमा और गले की खराश जैसी समस्याओं को कम करने में मदद करता है। विशेषकर सर्दियों के मौसम में जब सर्दी-जुकाम और सांस की तकलीफें बढ़ जाती हैं, तब लौंग का सेवन फेफड़ों और गले को साफ रखने में सहायक होता है। यह बलगम को कम करता है और सांस लेने में आसानी प्रदान करता है।

**दर्द से राहत दिलाता है**

लौंग में प्राकृतिक दर्द निवारक (पेनकिलर) गुण पाए जाते हैं, जो शरीर के विभिन्न हिस्सों में होने वाले दर्द को कम करने में मदद करते हैं। खासकर दांत दर्द में लौंग बहुत असरदार होती है। दांत में दर्द होने पर लौंग का तेल या पाउडर दर्द वाली जगह पर लगाने से तुरंत सूजन और जलन कम हो जाती है। इसके अलावा, लौंग सिर दर्द, मांसपेशियों के दर्द और जोड़ों के दर्द में भी आराम देने में सहायक होती है। इसलिए, पारंपरिक रूप से भी इसे दर्द से राहत पाने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है।

लौंग में मौजूद रोगाणुरोधी गुण मुंह से जुड़ी कई समस्याओं में फायदेमंद होते हैं। इसका इस्तेमाल दांत दर्द, मसूड़ों की सूजन, मुंह की बदबू और संक्रमण को कम करने के लिए किया जाता है।

## यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का इलाज करने के लिए न खाएं ये 5 चीजें

यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) एक आम समस्या है, जो किसी को भी प्रभावित कर सकती है। यह तब होता है जब बैक्टीरिया मूत्र पथ में प्रवेश करते हैं और वहां बढ़ते हैं। इसके लक्षणों में पेशाब करते समय जलन, बार-बार पेशाब आना और पेशाब का रंग गंदा होना शामिल है। यूटीआई का इलाज करने के लिए कई लोग घरेलू उपाय अपनाते हैं, लेकिन कुछ खाने-पीने की चीजें इस संक्रमण को बढ़ा सकती हैं।

**कैफीन युक्त चीजों से बनाएं दूरी**

चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स जैसी कैफीन वाली चीजें मूत्राशय की मांसपेशियों को उत्तेजित करती हैं, जिससे बार-बार पेशाब की इच्छा होती है। इससे मूत्र पथ में जलन और दर्द हो सकता है। इसलिए यूटीआई के दौरान इन पेय पदार्थों का सेवन न करें। इसके बजाय पानी या नारियल पानी पिएं। नारियल पानी पीने से पेशाब का रंग साफ हो सकता है और यह संक्रमण को कम करने में मदद कर सकता है।

**शराब का सेवन न करें**

शराब का सेवन यूटीआई के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है। शराब शरीर को पानी की कमी में डाल देती है और पेशाब की इच्छा को बढ़ा देती है, जिससे जलन और दर्द बढ़ सकता है। इसके अलावा शराब के कारण मूत्राशय की मांसपेशियां भी उत्तेजित होती हैं, जिससे समस्या और बढ़ सकती है।



इसलिए यूटीआई के दौरान शराब से पूरी तरह बचना चाहिए। इसके बजाय पानी या नारियल पानी पीना बेहतर है।

**मसालेदार खाना न खाएं**

मसालेदार खाने से पेट में जलन हो सकती है, जिससे यूटीआई के मरीजों को परेशानी हो सकती है। मसालेदार खाने से पेट में जलन और गैस बन सकती है, जो मूत्राशय को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा मसालेदार खाने से पेशाब करते समय जलन भी बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान अधिक मसालेदार खाने से बचना चाहिए। इसके बजाय हल्का और पौष्टिक खाना खाएं, जो पेट को आराम दे और संक्रमण को कम करे।

**अधिक खट्टे चीजों का सेवन न करें**

अधिक खट्टे चीजों जैसे नींबू या संतरे का रस भी यूटीआई के दौरान नहीं पीना चाहिए। इनका सेवन करने से पेट में जलन हो सकती है, जिससे समस्या और बढ़ सकती है। इसके अलावा खट्टे चीजों से पेशाब करते समय जलन भी बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान अधिक खट्टे चीजों से बचना चाहिए। इसके बजाय पानी या नारियल पानी पीना बेहतर है, जो पेट को आराम दे और संक्रमण को कम करे।

**डेयरी उत्पादों का सेवन भी है नुकसानदायक**

डेयरी उत्पाद जैसे दूध, दही आदि का सेवन भी यूटीआई के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है। इनमें चर्बी अधिक होती है, जो पेट में जलन पैदा कर सकती है और संक्रमण को बढ़ा सकती है। इसके अलावा डेयरी उत्पादों से पेशाब करते समय जलन भी बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान डेयरी उत्पादों से बचना चाहिए। इसके बजाय हल्का और पौष्टिक खाना खाएं, जो पेट को आराम दे और संक्रमण को कम करे।

## शब्द सामर्थ्य -155

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 154 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ड़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# खड़गांव ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की नई पहल

**चिरमिरी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के प्रयास अब जमीन पर दिखने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन और पहल से जिले के खड़गांव ब्लॉक में पदस्थ सभी चिकित्सकों की सूची आम जनता तक पहुंचा दी गई है। इसमें डॉक्टरों के नाम, पद, पदस्थापना स्थल और उनके मोबाइल नंबर शामिल हैं। इस कदम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीज सीधे डॉक्टरों से संवाद स्थापित कर पाएंगे और इलाज संबंधी उचित सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को समय पर चिकित्सकीय परामर्श नहीं मिल पाता। कई बार अस्पताल पहुंचने से पहले ही रोगी की स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में यदि मरीज या उनके परिजन सीधे मोबाइल के माध्यम से डॉक्टर



से संपर्क कर लें तो प्राथमिक इलाज संबंधी निर्देश तत्काल मिल सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाते हुए खड़गांव ब्लॉक के डॉक्टरों की सूची सार्वजनिक कर दी है। जारी सूची में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष प्रताप सिंह सहित मेडिकल ऑफिसर, डेंटल ऑफिसर और आयुष मेडिकल ऑफिसर के मोबाइल नंबर शामिल किए गए हैं। इसमें डॉ. प्रियांका सिंह, डॉ. स्नेहासिस करन, डॉ. गौरव यादव, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. प्रतिक्षा तिवारी, डॉ. गयानेन्द्र कुशवाहा, डॉ. रूपेश वर्मा, डॉ. हेमेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. अंकित कुमार भटनागर, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. अंकित सोनू एक्का और डॉ. पंकज सिद्दार जैसे चिकित्सक भी शामिल हैं। यह सभी चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गांव, सलका, उदयनगर और रतनपुर में सेवाएं दे रहे हैं। सूची में प्रत्येक डॉक्टर का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध है ताकि रोगी सीधे उनसे संपर्क कर सके। इस व्यवस्था से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि अब उन्हें किसी भी बीमारी की स्थिति में तुरंत परामर्श प्राप्त हो सकेगा। इसके अलावा, छोटे-मोटे रोगों का इलाज घर बैठे संभव हो जाएगा और गंभीर मामलों में रोगी को किस तरह से अस्पताल तक लाया जाए, इस बारे में भी स्पष्ट दिशा-निर्देश मिल पाएंगे।

खड़गांव ब्लॉक के ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि अब उन्हें छोटी-छोटी बीमारियों या स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए बार-बार अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं, चिकित्सक भी इस पहल को जनता और डॉक्टरों के बीच की दूरी कम करने वाला कदम मान रहे हैं। हॉस्पिटल प्रशासन ने भी आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह जानकारी सार्वजनिक स्थानों और सूचना पटल पर चस्पा कर दी है, ताकि किसी भी जरूरतमंद को जानकारी समय पर मिल सके। यह कदम छत्तीसगढ़ सरकार के हर हाथ स्वास्थ्य और जनता तक स्वास्थ्य सेवाएं की परिकल्पना को साकार करने वाला साबित हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा किया गया यह प्रयास निश्चित रूप से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। आने वाले समय में यदि इसी तरह अन्य ब्लॉकों और जिलों में भी यह व्यवस्था लागू की जाती है तो छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था एक नई मिसाल कायम करेगी।



## चोरी की मोटर सायकल सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। 13.08.2025 को ग्राम मोहली भैयाथान निवासी दिनेश देवांगन ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09.08.2025 को सूरजपुर स्थित पेट्रोल पंप में अपनी बजाज अपाचे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीजेड 9444 को खड़ा कर अपने काम से गया था वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान थाना सूरजपुर पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला जिसमें मोटर सायकल को चोरी कर ले जाते अज्ञात व्यक्ति दिखा जिसकी पतासाजी करते हुए दबिश देकर आरोपी मनु सिंह पिता मनकेश्वर उम्र 22 वर्ष एवं चेतन सिंह पिता नंदलाल उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मलगा थाना भटगांव को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर चोरी की अपाचे मोटर सायकल कीमत 20 हजार रूपये को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक प्रदीप सोनवानी, जितेन्द्र पटेल व देवनीश सक्रिय रहे।

## नहर में मिली नाबालिग लड़की की लाश

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मुजगहन थानाक्षेत्र स्थित जुलुम गांव में एक नाबालिग लड़की का शव नहर में तैरता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकल पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान 17 साल की प्रिया साहू के रूप में की गई है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी बैडमिंटन हॉल में सद्भावना बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बैडमिंटन हॉल में सद्भावना बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा किया गया। जिसमें अलग अलग विभागों के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर एस जयवर्ध द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले की उपस्थिति में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। प्रतियोगिता में कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर की टीम एवं डीएफओ पंकज कमल एवं विजेन्द्र पाटले की टीम के मध्य सांकेतिक मैच के साथ इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ विभागों की टीम ने हिस्सा लिया, जिसमें पहला मैच जिला पंचायत व राजस्व विभाग की टीम के मध्य मैच हुआ। जिसमें जिला पंचायत की टीम ने बाजी मारी उसके बाद शिक्षा विभाग एवं वन विभाग की टीम के बीच हुए मैच में शिक्षा विभाग ने जीत दर्ज की तत्पश्चात पुलिस विभाग का मैच माइनिंग विभाग की टीम के साथ कराया गया जिसमें पुलिस विभाग विजेता रहे। राउंड मैच का आखिरी मैच स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के बीच खेला गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग विजेता रहे। राउंड मैच के बाद सेमीफाइनल का मैच खेला गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम के बीच मैच हुआ और पुलिस विभाग ने सीधे सेटों में पहला सेमीफाइनल जीत लिया उसके बाद दूसरा सेमीफाइनल मैच जिला पंचायत के टीम एवं शिक्षा विभाग की टीम के मध्य खेला गया जिसमें जिला पंचायत के टीम में जीत हासिल की।

# दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

### ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की नई पहल

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा जब हमारी ग्रामीण महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनें। इसी दूरदर्शी सोच के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करने के लिए एक नई ऐतिहासिक पहल की है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ 31 अगस्त 2025 को दोपहर 12.15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी। दीदी के गोठ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार की दूरदर्शी सोच का प्रतिबिंब है। इसका उद्देश्य महिलाओं की आवाज़ को पूरे समाज तक पहुँचाना, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को सामने लाना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की राह दिखाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा




राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएँ प्रसारित की जाएंगी। यह अवसर न केवल एक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, बल्कि शासन की नीतियों और योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा। दीदी के गोठ का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना है। इस कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियाँ सुनाई जाएंगी—कैसे उन्होंने संघर्ष और कठिनाइयों को पार कर अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से न सिर्फ़ आर्थिक रूप से मजबूती हासिल की, बल्कि समाज में भी एक नई पहचान बनाई। आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएँ लखपति दीदी बन चुकी हैं। उनका जीवन बिहान योजना से सकारात्मक रूप से बदला है।

इनकी प्रेरणादायी कहानियाँ रेडियो की आवाज़ के माध्यम से हर गाँव और हर घर तक पहुँचेंगी, ताकि अन्य महिलाएँ भी आत्मनिर्भरता की राह पकड़ सकें। यह दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम प्रति माह के अंतिम रविवार को अकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने के लिए पंचायत, ग्राम संगठन और संकुल संगठन स्तर पर सामूहिक श्रवण की व्यवस्था की जा रही है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय समुदाय और स्व-सहायता समूह की दीदियाँ विशेष रूप से शामिल होंगी। सामूहिक श्रवण से ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी संवाद, चर्चा और प्रेरणा का वातावरण बनेगा।

## 50 हजार रुपए रिश्वत लेते आबकारी उप निरीक्षक गिरफ्तार

**रायगढ़।** प्रदेश के रायगढ़ जिले में एसीबी की टीम ने शनिवार को आबकारी विभाग के उप निरीक्षक संतोष कुमार नारंग को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। धर्मजयगढ़ निवासी सुनीत टोप्पो ने एसीबी इकाई बिलासपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि 19 अगस्त को उप निरीक्षक नारंग ग्राम पंडरी महुआ पहुंचे और शिकायतकर्ता के घर पर अवैध शराब बनाने का आरोप लगाया। इस दौरान नारंग ने उसकी मां से भी कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। शिकायतकर्ता का आरोप था कि नारंग ने कड़ी कार्रवाई से बचाने के नाम पर उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इस पर सुनीत टोप्पो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने का निश्चय किया और सीधे एसीबी से संपर्क किया। जिसके बाद एसीबी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसीबी टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई।

# वॉटरशेड ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा 16 ग्रामों में पशु स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** वॉटरशेड ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा, पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से संस्था के कार्यक्षेत्र में आने वाले कुल 16 परियोजना ग्रामों में व्यापक पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं को समय पर उपचार उपलब्ध कराना तथा पशुपालकों को वैज्ञानिक ढंग से पशु पालन करने के प्रति जागरूक करना था।



इस आयोजन में कुल 643 लाभार्थियों ने भाग लिया और 1,673 पशुओं का उपचार किया गया। उपचार में मुख्य रूप से खुरपका-मुंहपका, पेट संबंधी बीमारियाँ, परजीवी जनित रोग, बछड़ों का टीकाकरण, तथा दुग्ध देने वाले पशुओं की विशेष जांच और परामर्श शामिल रहे। पशुपालकों को दवाइयों के साथ-साथ पोषण प्रबंधन, स्वच्छता और समय-समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में अंशुल सिंह, दीपक सकत, आशीष सिंह, सूरज यादव सहित संबंधित क्षेत्र के चिकित्सक एवं तकनीकी दल उपस्थित रहे। टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को शिविर की जानकारी दी और अधिक से अधिक पशुपालकों को जोड़ने में सहयोग किया। पशुपालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष के इस मौसम में पशु अक्सर बीमार पड़ते हैं, ऐसे समय में यह शिविर उनके लिए वरदान साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि समय पर उपचार मिलने से उनके पशुओं का जीवन सुरक्षित हुआ और दूध उत्पादन में भी वृद्धि की संभावना है। ग्रामीणों ने वॉटरशेड ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के निरंतर प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था के गांव में आने के बाद से लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है और वे स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के परियोजना प्रबंधक श्री अंशुल सिंह ने बताया कि आगे भी समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएँ मिल सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके।



# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, कोरिया द्वारा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुण्ठपुर में किया गया।

कार्यक्रम कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन, जिला पंचायत सीईओ डा आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखण्ड के प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में तर्क प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन उपरांत परिणाम घोषित किए गए। प्रथम स्थान रोहित तिर्की, सेजस बैकुण्ठपुर, 7000, द्वितीय स्थान प्रिंसी राजवाड़े, शा.उ.मा.वि. सलका, 5000, तृतीय स्थान गायत्री, सोनहत 3000 एवं सांत्वना पुरस्कार पाँच प्रतिभागियों को 2000-2000 रुपए देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और कानून से अधिक जरूरी स्व-अनुशासन है।अंत में नोडल अधिकारी विजयनाथ वाजपेयी ने सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।





# साइबर अपराध से सुरक्षित रहना है तो हर डिजिटल व्यवहार में अपनानी होगी समझदारी व सतर्कता

**सूरजपुर।** साइबर अपराध से बचने का मजबूत तरीका है खुद सावधान रहना और किसी भी लालच में न आना। यदि हम खुद सर्तक नहीं रहे और किसी लालच में आ गए तो साइबर अपराध की चपेट में आ जायेंगे। साइबर अपराध से सुरक्षित रहना है तो हर डिजिटल व्यवहार में समझदारी और सतर्कता अपनानी होगी। अपने लालच व भय पर काबू करते हुए पूरी समझदारी के साथ ऑनलाइन काम करेंगे तो आप अपने साथ-साथ दूसरों को भी साइबर अपराधों से बचा सकेंगे। अपनी ऑनलाइन गतिविधियों को उसी तरह सुरक्षित रखें जैसे आप स्वयं को सुरक्षित रखते हैं, साइबर फ्राड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराए। उक्त बाते डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना भटगांव क्षेत्र अन्तर्गत जरही स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार, 30 अगस्त 2025 को आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों, नागरिकों का 500 मीटर की मैराथन दौड़ को सूरजपुर कलेक्टर, डीआईजी/एसएसपी एवं एसईसीएल जीएम के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और खुद भी दौड़ में भाग लिया। एसईसीएल के नमो नारायण सिंह व उनकी टीम के द्वारा कव्वाली के माध्यम से साइबर अपराध से बचाव एवं नशे की लत छोड़ने का शानदार संदेश देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर सूरजपुर श्री एस.जयवर्धन ने स्कूली बच्चों एवं नागरिकों को कहा कि सोशल मीडिया पर अजनबियों के मित्र अनुरोध स्वीकार करने में सावधानी बरतें, जानें कि किसी ऐसे व्यक्ति को कैसे ब्लॉक करें जो आपको असहज कर रहा हो, किसी व्यक्ति को अपनी मित्र सूची से हटाने का तरीका जानें, उपयोग के बाद सोशल मीडिया वेबसाइटों से लॉगआउट करना याद रखें, अपने फ़ोन को पासवर्ड से सुरक्षित करें, यदि आप देखते हैं कि आपका फर्जी खाता बनाया गया है, तो आप तुरंत सोशल मीडिया सेवा प्रदाता को सूचित कर सकते हैं ताकि खाते को ब्लॉक किया जा सके। नश के उपयोग से होने वाली दिक्कतों के बारे में बताया और नशा न करने और न करने देने के लिए प्रेरित किया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को कहा कि पुलिस के द्वारा साइबर कॉप एवं नशे के विरूद्ध अभियान नवजीवन के तहत आपको साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, सुरक्षित रखने और ब्राउजिंग के लिए प्रेरित करना, नशे से दूरी बनाने और बचाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जानकारी देना। उन्होंने कहा कि नशा का काम केवल व्यक्ति की जीवन को संकट में डालना है, नशा से किसी का भला नहीं हुआ।



नशे से दूरी बनाने का एक महत्वपूर्ण जरिया खेल है, जीवन की सबसे बड़ी पूंजी स्वास्थ्य है जब आप फिट रहेंगे तो अपने जीवन के लक्ष्यों को पा सकेंगे। भटगांव एसईसीएल जीएम श्री दिलीप माधोराव बोबडे ने साइबर जागरूकता एवं नशे से दूरी क्यों है जरूरी की जानकारी देते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा हम सभी से जुड़ी एक महत्वपूर्ण विषय है, जरा सी लापरवाही लोगों को भारी पड़ जाती है। यदि आपने अपने सोशल मीडिया खातों पर सही सेटिंग्स का चयन नहीं किया है, तो पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो को आपकी जानकारी के बिना अन्य लोगों द्वारा देखा, डाउनलोड और उपयोग किया जा सकता है, अपने उपकरणों के सॉफ्टवेयर को अपडेट रखे, निजी जानकारी ऑनलाईन साझा न करें। जिला प्रशासन व पुलिस के साइबर व नशे से बचाव के अभियान में एसईसीएल प्रबंधन साथ है।

खेल गतिविधियों के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों व नागरिकों की मौजूदगी के लिए आभार जताया। इस अवसर पर एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, एपीएम राजकुमार शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, एसईसीएल भटगांव के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चों व नागरिकगण मौजूद रहे। मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग से प्रथम अशलेस राजवाड़े, द्वितीय नीरज राजवाड़े, तृतीय हिम्मत राजवाड़े, महिला वर्ग में प्रथम फलेश्वरी, द्वितीय नूतन, तृतीय अनिता राजवाड़े रही। दोनों वर्गा में प्रथम प्रतिभागी को 5100 रूपये, द्वितीय को 3100, तृतीय को 1100 रूपये नगद, मैडल, मोमेन्टो, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदाय की गई। इसी प्रकार छात्र वर्ग में प्रथम रोशन राजवाड़े, द्वितीय टीयस राजवाड़े, तृतीय सूर्यदीप को मैडल, मोमेन्टो, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

## मानिकपुर कालोनी में शुरू होगी पेयजल आपूर्ति

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन लग चुकी है। ट्रायल भी किया जा चुका है लेकिन अभी तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। कामगारों को परेशानी हो रही है। यह पेयजल आपूर्ति नगर पालिक निगम के द्वारा की जानी है। एसईसीएल ने अभी तक पूरी राशि जमा नहीं कराया था। कल स्टेरिंग कमेटी की बैठक में तय किया गया कि पेयजल आपूर्ति के लिए बची हुई राशि जमा करा दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि मानिकपुर कालोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए कई महीने पहले पाइप लाइन लग चुका है। यूनियन प्रतिनिधि लगातार मांग कर रहे थे कि पेयजल आपूर्ति जल्द शुरू किया जाए। नगर पालिक निगम को राशि जमा करा दिया गया था। इसके बाद भी दिक्कतें हो रही थी। बाद में पता चला कि अभी और कुछ राशि जमा कराना होगा। एसईकेएमसी के संदीप चौधरी, प्रमोद बनर्जी, सुब्रत दास व रामफल साहू ने इस मामले को केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह के सामने रखा। कल बिलासपुर में स्टेरिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें गोपाल नारायण सिंह ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। प्रबंधन बची हुई राशि को देने के लिए तैयार हो गया है। कुछ दिनों बाद पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगा।

## धर्मसेना कार्यकर्ता जा रहे पूजा पंडाल

**कोरबा।** धर्मसेना के कार्यकर्ता पूजा पंडालों में जाकर अपील कर रहे हैं कि पूजा समिति के द्वारा फिल्मी गाने न बजाकर भक्ति गानें बजाया जाए ताकि माहौल भक्तिमय बना रहे। पूजा समितियों को और भी सलाह दी जा रही है। पिछले दिनों धर्मसेना की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा ली गई थी। जिसमें जिला संयोजक राकेश शर्मा, नगर संयोजक मिथलेश शर्मा, सदानंद सिंह, घनश्याम राठौर, सत्यप्रकाश मिश्रा, मोहित वाधवानी ने निर्णय लिया था कि पूजा पंडालों में जाकर समिति के लोगों से मिला जाएगा। यह कार्य शुरू कर दिया गया है। धर्मसेना विभाग के रूपेंद्र गभेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मातृशक्ति की बैठक रायपुर में 10 सितंबर को रखी गई है। जिसमें प्रदेश संयोजिका अंजू गभेल ने जिले के कार्यकर्ताओं को आने कहा है। मातृशक्ति की बैठक में धर्मांतरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## आवासों की समस्या को उठाया

**कोरबा।** पिछले दिनों एसईकेएमसी की आईआर बैठक ढेलवाडीह में आयोजित की गई। जिसमें पुराने आवासों की समस्याओं को रखा गया। कहा गया कि पुराने आवास अब रहने लायक नहीं रह गए हैं। इन आवासों का मरम्मतीकरण जरूरी हो गया है। इसके अलावा सड़क, नाली की समस्या को भी रखा गया। आईआर बैठक में उपेंद्र कुमार, अशोक सिंह, अजीत सिंह, धनीराम ने एक स्वर में कहा कि मुख्य मार्ग में जो लाइट लगी हुई है वे खराब हो चुके हैं।

*कोरबा। एसईसीएल गेवरा एरिया में बीकेकेएमएस और प्रबंधन के मध्य वार्ता आयोजित की गई। जिसमें कहा गया कि कचरे के उठाव सही समय पर नहीं होने से कालोनीवासी परेशान हैं। मच्छरों का प्रकोप भी लगातार बढ़ रहा है।

# गलत कमेंट और गलतफहमी पर सिर फोड़ा, एक को किया गिरफ्तार

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिछली रात मारपीट की घटना में एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसके सिर में घातक चोटें आई है। पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर सुरक्षा कर्मी के साथ भी बहसबाजी हुई। इस पर भी सवाल उठे। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मोतीसागरपारा में मारपीट की घटना को लेकर विक्की पटेल को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में चाकूबाजी होने की जो बातें कही जा रही है उसका कोई आधार नहीं है।

खबर के अनुसार बीती रात्रि 9 बजे के आसपास कोरबा के मोतीसागरपारा क्षेत्र में यह घटना हुई। पीड़ित ने बताया कि वह अपने एक परिजन को छोड़ने जा रहा था, इसी दरम्यान दूसरे व्यक्ति ने



किसी और की आवाज सुन लिया। उसमें गलत शब्द शामिल थे। आरोपी को समझने में गलती हुई कि कमेंट कहां से हुआ है। उसने वास्तविक व्यक्ति पर ध्यान देने के बजाय पीड़ित को टारगेट किया और उससे जमकर मारपीट की। उसके पास किस तरह का सामान मौजूद था इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। लेकिन उसी के प्रभाव से सिर में काफी चोटें आई और वह लहूलुहान हो गया। चीखने-चिल्लाने की आवाज पर आसपास के लोग हरकत में आए और इसी का फायदा उठाकर हमलावर भाग निकला। कुछ देर के बाद स्थानीय लोगों ने पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।

दावा किया गया कि वहां मौजूद एक सुरक्षा कर्मी के साथ किसी बात को लेकर पहले बहसबाजी हुई और फिर साथ गए लोगों ने उसे धुन दिया। बताया गया कि संबंधित कर्मी यूनिफार्म में नहीं था और ऐसे में यह पता नहीं चल सका कि इस मसले पर आपत्ति करने वाला व्यक्ति है कौन। इस मसले को लेकर भी यहां काफी देर तक हो-हल्ला होता रहा। चौकी पुलिस को सूचित करने पर उसकी ओर से हस्तक्षेप किया गया तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में मरीजों के साथ आने वाले फिजुल की भीड़ के कारण ही स्थितियां बिगड़ रही हैं। कई मौकों पर इस वजह से दिक्कतें हुई और हास्पिटल प्रबंधन की ओर से इसकी रोकथाम के लिए पास सिस्टम जारी किया। इतना सबकुछ होने पर भी कोई खास बदलाव यहां पर नहीं आ सके हैं। बार-बार हो रही घटनाएं बताती है कि अगर सुरक्षा पर भारी-भरकम खर्च हो रहा है तो उसके नतीजे क्या हैं।



नगर पालिका दीपका के प्रथम अध्यक्ष स्व. बुगल कुमार दुबे के पुण्यतिथि पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दीपका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

## लालपुर में फसल रौंदी हाथियों ने

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में मौजूद हाथियों द्वारा फसल को नुकसान किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बीती रात झुंड से अलग हुए 23 हाथियों के दल ने ग्राम लालपुर में पहुंचकर वहां किसानों की खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया। जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों द्वारा रात में गांव में आने तथा फसल को रौंदे जाने की जानकारी आज सुबह तब लगी जब वे अपने फसल को देखने खेतों में पहुंचे तो वहां लहलहाती फसल के बजाय उसे तहस-नहस पाया। खेतों में बड़ी संख्या में हाथियों के पैरों के निशान थे। ग्रामीणों को समझने में देर नहीं लगी कि क्षेत्र में मौजूद हाथियों ने उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिया है। इसकी तत्काल सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

## फर्जी सील से निकाले 65 हजार, हुई शिकायत

### सीएसईबी पुलिस कर रही मामले की जांच

**कोरबा।** क्षेत्र के वार्ड एक स्थित सरकारी स्कूल में मध्यान भोजन बनाने वाले समूह को 65000 का नुकसान हुआ है। जानकारी मिली कि कुछ लोगों ने समूह के नाम से फर्जी सेल बनाकर बैंक से इस राशि का आहरण कर लिया। सीएसईबी पुलिस चौकी जांच कर रही है।

जानकारी मिली है कि पटेल पर क्षेत्र में शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल का संचालन किया जा रहा है । यहां पर विद्यार्थियों के लिए मध्यान भोजन की व्यवस्था संचालित है। महिलाओं के एक समूह को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। उसने आर्थिक लेनदेन के लिए स्टेट बैंक में खाता खुलवाया है। पता चला कि उनके संपर्क में रहने वाले किसी व्यक्ति ने समूह के नाम से फर्जी सील तैयार कर ली और उनके खाते से 65 000 निकाल लिए। हाल में ही बैंक जाने पर महिला समूह के पदाधिकारी इस बारे में जानकारी हुई। जिस पर उन्होंने पता किया। उसके बाद पुलिस चौकी सीएसईबी में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने प्रकरण को संज्ञान में लिया है और जांच पड़ताल शुरू की है।

## ज्योत्सना ने कहा : जिंदगी बचाने सुरक्षा जरूरी

### जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

**कोरबा।** संसदीय क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत का कहना है कि सही अर्थ में सुरक्षा को अपनाए जाने की स्थिति में सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं काम हो सकती है या फिर उन्हें रोका जा सकता है। इस दिशा में सिस्टम अपना काम कर रहा है जरूरत इस बात की भी है कि लोग अपनी ओर से जागरूक हों।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेने के दौरान ज्योत्सना ने इस बात को कहा। बैठक में जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पांडे और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी उपस्थित रहे। सांसद के द्वारा बैठक में सड़क सुरक्षा के लिए किया जा रहे हैं पुलिस के प्रयासों के बारे में जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2025 में अब तक हुई दुर्घटना और इनसे संबंधित डाटा उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि पिछले 2 वर्षों की तुलना में सड़क हादसों में मृत्यु दर में कमी आने



में हमारा विभाग सफल रहा है। रोड एक्सीडेंट्स की रोकथाम के लिए किस प्रकार से कोशिश की जा रही है इस बारे में भी अधिकारी ने अवगत कराया। ज्योत्सना के द्वारा कहा गया कि सड़कों पर अलग-अलग कारण से दुर्घटनाएं होती हैं इसलिए व्यथा संभव प्रयास किया जाएगी डेंजर जोन में सुधार करने के साथ आवश्यक जतन करें। जिन विभागों का सहयोग इस मामले में लिया जा सकता है, उन्हें भी अपने साथ लेकर काम किया जाए तो अच्छे नतीजा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं के पीछे कई प्रकार के कारण होते हैं इन्हें समझना और उनके मूल में जाकर काम करना सबसे आवश्यक है। प्रभारी कलेक्टर की ओर से भी इस बैठक में अपनी बात रखी गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी कुछ सुझाव दिए, जिस पर विचार करने का भरोसा दिया गया।

# खेल दिवस पर बालको ने खिलाड़ियों के सपनों को दिया पंख

**कोरबा।** कोरबा के हृदय स्थल प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों के जोश और उमंग से गूंजता वातावरण, आज पूरे अंचल की खेल प्रतिभाओं के सपनों का केंद्र बन चुका है। नगर निगम कोरबा के सहयोग से वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा संचालित यह स्टेडियम अब बहु-खेल प्रशिक्षण केंद्र का रूप ले चुका है, जहाँ युवा खिलाड़ी अभ्यास सत्र के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

इस बदलाव के केंद्र में है 'खेल अकादमी', जिसकी शुरुआत अगस्त 2024 में 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों (10 बालक और 10 बालिकाएँ) के चयन के साथ हुई थी। आज यह अकादमी 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 100 से अधिक रेज़िडेंशियल और डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों का प्रशिक्षण केंद्र बन चुकी है। यहाँ फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और तैराकी जैसे खेलों में खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ कोचिंग के साथ तैयार किया जा रहा है। अकादमी का ध्येय है के ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना, जहाँ से खिलाड़ी न केवल खेल में उत्कृष्ट हों बल्कि आत्मविश्वासी और सशक्त व्यक्तित्व के रूप में भी विकसित



हों।अकादमी की प्रशासक नेहा पांडे ने कहा कि बालको का लक्ष्य हमेशा से खिलाड़ियों में अनुशासन, मेहनत और सर्वांगीण विकास की भावना को मजबूत करना रहा है। आज हमारे खिलाड़ी जिस तरह प्रगति कर रहे हैं, उससे यह सपना धीरे-धीरे हकीकत बनता नजर आ रहा है।अकादमी के खिलाड़ी पहले ही जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। फुटबॉल खिलाड़ी बिशाल साव और निखिल बरेठ ने छत्तीसगढ़ राज्य टीम में स्थान बनाया, वहीं वॉलीबॉल टीम ने जिला एवं संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी दिलीप यादव ने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना केवल सपना नहीं, बल्कि हर सुबह की मेहनत और समर्पण का फल है। खेल अकादमी की जर्सी पहनकर खेलने का गौरव मुझे अपने खेल सफर पर और विश्वास दिलाता है। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी श्रेयांश साहू बोले कि हर अभ्यास हमें बेहतर बनाता है। जिला चैम्पियनशिप जीतने से हमारे मन में यह विश्वास जगा कि हम राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। खेल अकादमी की बेटियों ने भी हर खेल में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। लड़कियों की फुटबॉल टीम ने जिला स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ी निशिता ने डीएवी नेशनल्स में तैराकी में कांस्य पदक जीता, उन्होंने बताया कि खेल अकादमी में आने से पहले तैराकी केवल एक शौक थी। यहाँ सही कोचिंग, सुविधा और समर्थन मिला। अब हर दिन मैं और मजबूती और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हूँ। अकादमी के पीछे एक मज़बूत सहयोग प्रणाली मौजूद है, जिसमें फिजियोथेरेपी, चिकित्सकीय देखभाल, संतुलित पोषण, विशेषज्ञ कोचिंग, आधुनिक खेल सुविधाएँ और सुरक्षित आवासीय व्यवस्था शामिल हैं। अकादमी के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विकास नंदा ने कहा कि खेलों में शारीरिक थकान और चोटें होना स्वाभाविक है, लेकिन किसी खिलाड़ी की असली प्रगति उसकी रिकवरी और मानसिक दृढ़ता पर निर्भर करती है। मेरा प्रयास रहता है कि हर युवा खिलाड़ी न केवल चोट से उभरे, बल्कि इतनी ताकत भी विकसित करे कि भविष्य में चोटों से बच सके। खेल अकादमी में हम फिजियोथेरेपी, चिकित्सा सुविधा, संतुलित आहार, प्रोफेशनल कोचिंग, आधुनिक खेल अवसंरचना और सुरक्षित आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराते हैं। यह समग्र सहयोग प्रणाली खिलाड़ियों को निडर होकर अभ्यास करने, तेज़ी से उबरने और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। हम केवल खिलाड़ियों का इलाज नहीं कर रहे, बल्कि ऐसे चैंपियंस तैयार कर रहे हैं जो देश का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस पर बालको द्वारा संचालित खेल अकादमी की ये कहानियाँ हमें याद दिलाती हैं कि समर्पण, सहयोग और विश्वास से हर सपना साकार हो सकता है।

## ऋण अदायगी के लिए दिया गया चेक हुआ बाउंस

### आरोपी को सुनाई गई सश्रम कारावास की सजा

**कोरबा।** इण्डियन बैंक, शाखा पावर हाउस रोड कोरबा से अभियुक्त श्री विनायक ऑटो डील प्रो. राहुल सोनी पिता हरिप्रसाद सोनी, पता लव्हली केयर स्कूल के सामने गली में मकान नंबर 1/867, सूया गिफ्ट एंड स्वीट्स बॉक्स मेकर के उपर, वार्ड नं. 05 देवांगन मुहल्ला कोरबा द्वारा 8,00,000/आठ लाख रूपये का ऋण लेकर उसे समय पर ना लौटाने एवं अभियुक्त द्वारा परिवादी बैंक को दिए गए 1,00,000/- रूपये के चेक के अनादरित होने की वजह से अभियुक्त को 1 महीने की सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 1,40,000/- एक लाख चालीस हजार रूपये प्रतिकर के रूप में परिवादी बैंक को देने का आदेश पारित किया गया।

मामले का विवरण इस प्रकार है अभियुक्त विनायक ऑटो डील प्रो. राहुल सोनी पिता हरिप्रसाद सोनी के द्वारा इण्डियन बैंक, शाखा पावर हाउस रोड कोरबा से ऑटो डील व्यवसाय हेतु 8,00,000/- का ऋण दिनांक 05.10.2018 को लिया गया था ।जिसे अदा करने के लिए युवक के द्वारा परिवादी बैंक को 1,00,000/- रूपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। बैंक के द्वारा उक्त चेक को आहरण हेतु जब शाखा में जमा किया गया तो उसमें पर्याप्त राशि ना होना दिखाया गया जिसकी विधिक सूचना बैंक द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त को दिया गया । इसके पश्चात् भी अभियुक्त रकम चुकाने में असफल रहा जिसके फलस्वरूप परिवादी बैंक द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष रकम वसूली हेतु परिवाद दायर किया गया। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए कु. कुमुदिनी गर्ग के न्यायालय ने अपने निर्णय दिनांक 22.08.2025 के अनुसार अभियुक्त को दोषी पाते हुए 1 माह के सश्रम कारावास से दंडित करते हुए रूपये 1,40,000/- एक लाख चालीस हजार रूपये प्रतिकर के रूप में बैंक को अदा करने का आदेश पारित किया गया । समय पर बैंक को रकम न लौटाने पर अभियुक्त को 01 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई गई। परिवादी इण्डियन बैंक, शाखा पावर हाउस रोड कोरबा की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता श्री धनेश कुमार सिंह द्वारा की गई।

## सजग कोरबा : पुछापारा में शराब जब्त, बांका में लाहन नष्ट



**कोरबा।** कटघोरा पुलिस ने नगर पालिका क्षेत्र के पुछापारा इलाके में भी सर्चिंग अभियान चलाया। यहां एक ठिकाने से अवैध शराब जब्त की गई। जबकि बड़ेबाँका में महुआ लाहन को नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने लोगों की जागरूकता के लिए उन्हें बधाई दी और चेताया कि अगर कहीं भी इस तरह की हरकतें होगी तो ऐसे मामलों में किसी को भी नहीं बक्शा जायेगा। चाहे वह कितनी ही एप्रोच क्यों ना रखता हो।

कोरबा जिले में अवांछित गतिविधियों की रोकथाम काफी समय से की जा रही है और इसे यथास्वरूप बनाए रखने के लिए काम किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत कटघोरा पुलिस ने पूछापारा में एक महिला अनिता सारथी के घर पर दबिश दी। इस दौरान मौके से लगभग 16 लीटर कच्ची महुआ शराब और बिक्री की रकम बरामद की गई। पुलिस ने महिला अनिता सारथी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है। बताया गया कि काफी समय से यहां पर इस तरह का व्यवसाय होने के बारे में लोगों से सूचना प्राप्त हुई थी। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने ग्राम बड़ेबांका में जागरूकता कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण शामिल हुए थे। बैठक के दौरान पुलिस द्वारा ग्रामीणों को नशे के अवैध कारोबार से दूर रहने, शराब का सेवन न करने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में समझाइश दी गई। साथ ही, सायबर क्राइम और ऑनलाइन ठगी को लेकर भी ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई। बैठक के बाद गाँव में कच्ची महुआ शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने डर के कारण घर में रखी शराब और महुआ लाहन को बाहर निकालकर छुपा दिया। जब ग्रामीण महिलाओं ने यह देखा तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुँची और वहां से लगभग 20 लीटर कच्ची महुआ शराब और करीब 200 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। मौके पर ही महुआ लाहन को नष्ट कर दिया।निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी ने जागरूक ग्रामीणों को उनकी सजगता और सहयोग के लिए सराहा। गाँव में यदि कोई भी व्यक्ति शराब बनाने या सेवन करने की गतिविधि करता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## सेंद्रीपाली में अवैध शराब पर कार्रवाई

**कोरबा।** करतला पुलिस ने सेंद्रीपाली गांव में अवैध शराब बनाने और बेचने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ 34-2 आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की। थाना प्रभारी कृष्णा वर्मा ने बताया कि पिछली रात्रि इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

जय श्रीराम
प्लाट बेचना है
बुधवारी बायपास रोड में 85×300 का प्लाट तथा दादर कोरबा में 20 डिसमिल का प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606

## सफलता देता है मायारहित जीवन : आर्यिका रत्न

**कोरबा।** दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व जारी है। 10 लक्षणों पर यहां विचार मंथन के साथ संवाद हो रहा है। आर्यिका रत्न ने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मायारहित जीवन से सफलता मिलना सुनिश्चित है। जबकि कुटिलता जीवन को नकारात्मक बनाती है और व्यक्ति के मन में कई तरह की बुराईयों का समावेश कर देती है।



उन्होंने कहा कि हमें सदैव सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र का पालन करना चाहिए ।देव-शास्त्र -गुरु का स्मरण करने से उत्तम आर्जव धर्म का पालन होता है। यदि इन तीनों की प्रति समर्पित नहीं हुए,तो मन, वचन, काय की कुटिलता होगी और इसी कुटिलता को दूर करना सरलता का पालन करना ही उत्तम आर्जव है। इसके विपरीत मायाचारी होती है। व्यक्ति में धर्म, कर्म, व्यापार आदि ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां मायाचारी नहीं होती है। इस प्रकार से हमने धर्म को समझ तो लिया, जान तो लिया लेकिन इसके पालन करने पर ही उत्तम आर्जव धर्म का पालन होता है। इस प्रकार से जैन समाज मैं पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म को अच्छे ढंग से समझ कर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। पर्यूषण पर्व में प्रात: से ही श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन किया। सांस्कृतिक प्रभारी ने बताया कि अनंत चतुर्दशी तक पर्यूषण पर्व जारी रहेगा। इसके अंतर्गत कई प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए रखी गई है। जैन समाज ने तय किया है कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी समापन विजेताओं को प्रोत्साहित करने पुरस्कार दिये जाएंगे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com